साप्ताहिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020
वर्ष-12, अंक-27
इन्दौर सोमवार 2 जून से 8 जून 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.
प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें जयंती वर्ष पर शत्-शत् नमन।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीकः प्रधानमंत्री

## अब सैनिक बटालियनों में इंजीनियर्स की टीमें हो रही हैं, वेश-भूषा से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ

**आगर मालवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। समाज में बड़ा परिवर्तन लाने वाली लोकमाता देवी अहिल्या को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता द्वारा दिया ऋण है- जिसे हमें चुकाना है का स्मरण किया।






उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है, नागरिक देवो भवः वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती, सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भागीरथी प्रयासों में अपना योगदान देने का अवसर है। देवी अहिल्याबाई का मानना था कि जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है, उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं- बहने -बेटियां हैं। देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं और इनमें से अधिकतर घर माता -बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें, इस उद्देश्य से बिजली, उज्जवला गैस भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधाएं माता बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही देवी अहिल्या पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा- हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विभिन्न धार्मिक लोक के विकास सहित राज्य के अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकी सरकार और आतंकवादियों को धूल चटाई। पूरा देश आपका अभिनंदन कर



रहा है। जिन आतंकियों ने बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया, उन्हें सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में शिखर पर पहुंचेगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, सूक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, भोपाल सांसद श्री आलोक शर्मा और भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थी। कार्यक्रम में इंदौर से केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू तथा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, दतिया से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर तथा प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एंदल सिंह कंषाना, सतना से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल तथा प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल वर्चुअली शामिल हुए।

इसी प्रकार रानी दुर्गावती ने भी मुगलों के सामने कभी भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया था। प्रतिपक्ष की राजमाता ने भी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर की सुमित्रा ताई को कोमो राष्ट्रपति की जिम्मेदारी प्रदेश का मान पैमाने पर दी। आज राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। अहिल्या देवी की 300 वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकवादी सरकार और वैज्ञानिकों को गंदगी चटाई है। देश पूरा आपका अभिनंदन कर रहा है। जिन सासंद ने चौदहवाँ का सिन्दूर उजाड़ने का काम किया , उन्हें पाठ पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश सरकार गरीब , किसान , युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार एक कदम से कदम मिलाकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में शिखर सम्मेलनगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री , श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा , पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल , सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार कश्यप , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके , महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती संपतिया उइके , महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती सपतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती संपदा राय उपस्थित थे। इन कार्यक्रमों में शामिल हैं–आदिवासी आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री तोखन लोधी और प्रदेश के किसान कृषि विकास मंत्री श्री एंडल सिंह कंशाना, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजय मूर्ति , दतिया से लोकप्रिय नागरिक उड्डयन एवं ग्रामोद्योग उद्योगपति श्री राम मोहन मोहोल और प्रदेश के किसान एवं कृषि विकास मंत्री श्री एंडल सिंह कंशाणा आदि मौजूद थे।

---

### रूस के 4 एयरबेस पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## बम बरसाने वाले 40 विमानों को तबाह करने का दावा

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूस के चार अहम एयर बेस - ओलेन्या और बेलाया, पर हमला किया है. यूक्रेनी सेना ने इस हमले में ड्रोन का इस्तेमाल किया है. बताया जा रहा है कि जिन एयर बेस को निशाना बनाया गया है, वो रूस-यूक्रेन सीमा से काफी अंदर में पड़ता है. यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला यूक्रेनी सेना का अब तक का सबसे बड़ी ड्रोन अटैक था. यूक्रेन ने खासतौर से उस बेस को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल रूस उसपर बम बरसाने के लिए कर रहा था. युक्रेन की तरफ से कहा गया है कि उसने रूस के अंदर स्थित कई एयर बेस पर ड्रोन से हमला किया है, जिसमें 40 से ज्यादा रूसी बॉम्बर्स को




ध्वस्त कर दिया है, जिसका इस्तेमाल रूस यूक्रेन पर बम बरसाने के लिए कर रहा था. यूक्रेन का कहना है कि ये वही विमान हैं जो अक्सर युक्रेन के ऊपर उड़ान भरते हैं और बम गिराते हैं. यूक्रेन ने रूस के मरमंस्क में ओलेन्या एयर बेस, इरकुत्स्क में बेलाया एयर बेस, इवानोवो में इवानोवो एयर बेस और डायगिलेवो एयर बेस को निशाना बनाया है. युक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) के एक अधिकारी ने बताया कि उनके ड्रोन रूसी इलाके में गहराई तक जाकर बड़े बॉम्बर्स विमानों जैसे ञ्ह्व-95, ञ्ह्व-22 और महंगे और दुर्लभ -50 जासूसी विमान को नुकसान पहुंचाने में सफल रहे. एसबीयू ने बताया कि हमला ÷बेलाया÷ एयर बेस पर हुआ, जो रूस में इर्कुत्स्क के एक दूरस्थ क्षेत्र में पड़ता है. इनके अलावा, ओलेन्या एयर बेस पर भी आग लगने की खबरें हैं, लेकिन इसे अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं मिली है. ये विमान रूस के लिए बहुत अहम हैं. जैसे कि Tu-95 1950 के दशक का पुराना विमान है, लेकिन अब भी यह कई क्रूज मिसाइल ले जाने में सक्षम है, जो दूर-दूर के शहरों को निशाना बना सकते हैं. इसमें जेट इंजन की जगह बड़े घूमने वाले प्रोपेलर लगे होते हैं, और यह लंबी दूरी तय कर सकता है. Tu-22 एक हाई स्पीड विमान है, जो खासतौर से मिसाइल कैरी कर सकता है।

---

## चिराग पासवान बिहार में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, पार्टी ने किया प्रस्ताव पास

**पटना।** लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। लोजपा रामविलास पार्टी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिराग सुरक्षित सीट के बजाए सामान्य सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सीटों के चयन को लेकर पार्टी मंथन कर रही है। पिछले दिनों लोजपा रामविलास पार्टी के कई प्रकोष्ठों और मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें कई प्रस्ताव पास किए गए, जिनमें सबसे अहम था कि चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ने का। कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें। चिराग पासवान अब सिर्फ़ एक समुदाय के नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं।

---

### कोलकाता पहुंच अमित शाह ने ममता बनर्जी को दिया क्या चैलेंज

## दीदी अगर हिम्मत है तो...

**कोलकाता ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अगर दीदी (ममता बनर्जी) में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखाएं, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा, %ममता बनर्जी ने वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। हमारे लोग पहलगाम में मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, हमने 100 किमी (पाकिस्तान के अंदर) जाकर उनके मुख्यालय को नष्ट कर दिया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गए और इससे दीदी का पेट दुखता है। उन्होंने एक राजनीतिक भाषण दिया और ऑपरेशन सिंदूर का



विरोध किया। उन्होंने देश की करोड़ों महिलाओं की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया है। पश्चिम बंगाल की बहनों और माताओं को आगामी चुनावों में ममता बनर्जी को सिंदूर का मूल्य सिखाना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है। घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है और हिंदुओं का पलायन रोकना है। उन्होंने कहा, वर्षों तक बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन था। उसके बाद ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष का नारा देकर आईं।

---

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 864 करोड़ रुपए की लागत से 29 किमी के शिप्रा घाट निर्माण तथा 21 बैराजों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अंगारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत 864 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा 779 करोड़ रुपए की लागत से शिप्रा नदी पर निर्मित होने वाले 29 किमी के नवीन घाट और शिप्रा नदी पर लगभग 85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 21 बैराजों का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने कहा कि आज का कार्यक्रम सच्चे अर्थों में एक धर्म सभा है। सभी संतों की गरिमामय उपस्थिति में यह आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। हमारा प्राचीन समय देश की संस्कृति के लिए स्वर्णिम काल रहा है। श्रीमंत महादजी सिंधिया और मल्हार राव होलकर ने विदेशी आक्रमण कारियों के द्वारा ध्वस्त किए गए सभी देवस्थानों का जीर्णोद्धार कराया मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई के सास ससुर के लिए वे उनकी बहू नहीं बल्कि बेटी के समान थीं । देवी अहिल्याबाई के जीवन में गंगा सी पवित्रता और नर्मदा सी सादगी है। उनके ससुर ने हमेशा उन्हें प्रेरणा दी, उनकी योग्यताओं को पहचाना। देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा की। अहिल्याबाई ने पूरा शासन महादेव को समर्पित कर किया। उनके लिए सभी लोग समान थे। उन्होंने राज्य में सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किये। उन्होंने सभी देवस्थानों और मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। मुख्यमंत्री डॉ.





यादव ने कहा कि आज शिप्रा नदी पर बनने वाले नवीन घाटों का भूमि-पूजन किया गया है। शिप्रा नदी में दूषित पानी न मिले इसके लिए सरकार द्वारा गंभीर नदी के डैम के नीचे दूषित पानी को भेजा जाएगा तथा वहां उसे फिल्टर किया जाएगा। हमारी संस्कृति अत्यंत समृद्ध थी। हम पुनः इस ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशेष प्रयासों से शिप्रा नदी और उसके आसपास के घाटों का कायाकल्प होगा?। यह हम सबके लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। घाटों के क्षेत्रफल को बढ़ाए जाने का सुझाव अखाड़ा परिषद द्वारा पहले भी दिया गया था ताकि श्रद्धालुओं को स्नान में किसी भी तरह की सुविधा न हो। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज 29 किलोमीटर के नए घाट निर्माण का भूमि-पूजन किया गया है। महंत श्री हरी गिरीजी महाराज ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दि?। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम अंगारेश्वर महादेव के दर्शन किए और पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कथक और डमरू नाद की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भूमि पूजन के पश्चात माता शिप्रा का पूजन भी किया। इस दौरान स्वस्तिवाचन और शंखनाद किया गया। कार्यक्रम में शिप्रा नदी पर आधारित आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान सांसद श्री अनिल फिरोजिया , राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, श्री जितेंद्र पंड्या, डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री राजेश धाकड़, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री महंत हरी गिरी जी महाराज, स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्री महंत मोहन भारती महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी भगवतानंद पुरी महाराज, पूज्य श्याम गिरी जी महाराज (राधे राधे बाबा), निरंजनी अखाड़े के महंत सुरेशानंदपुरी, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचंद्रदास, महंत विशाल दास महाराज, महंत मुकुंदपुरी, महंत देवगिरी जी, निर्वाणी अणि अखाड़े के दिग्विजय दास जी एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और देवी अहिल्याबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा कन्या पूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संतों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित शॉर्ट फिल्म और 29 किलोमीटर के घाट निर्माण कार्य पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री ज्वलंत शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन श्री संजय अग्रवाल ने किया।

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था और आतंकवाद



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब- करीब हर देश में किसी ने किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है,चूँकि कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै, इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है। भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे, पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत द्वारा पाक को ऋण पर आपतित दर्ज कराई, फिर 7 प्रतिनिधिमंडल जिसमें 59 से अधिक सदस्य हैं, उनको पूरी दुनियाँ में आतंकवाद के खिलाफ जन जागरण करने भेजा है, अब भारत सरकार एशिया पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) के साथ 25 जून 2025 को 40 सदस्यों वाली एफएटीएफ की मीटिंग में पक्ष रखेगी कि कैसे उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता को टेरर फंडिंग में उपयोग करते हैं। चूँकि आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत होना निश्चित है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत ने आतंकवाद के खिलाफ़ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया आईएफएफ एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडलों के बाद अब 25 जून 2025 को को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग पर लॉबीग करेगा। साथियों बात अगर हम टेरर फंडिंग रोकने आईएमएफ, 7 प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब एपीजी व 25 जून 2025 को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग में लॉबिंग करने की करें तो,भारत ने हाल ही में कई देशों में एक कूटनीतिककोशिशें शुरू की हैं ताकि पाक की आतंकवाद की भूमिका को वैश्विक मंचों पर उजागर किया जा सके, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और बहरीन जैसे देशों में सात प्रतिनिधिमंडल सक्रिय रूप से वैश्विक नेताओं, थिंक टैंकों और नीति निर्धारक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं, इन टीमों में विभिन्न राजनीतिक दलों और समुदायों के सदस्य शामिल हैं, जो भारत का एक संयुक्त नजरिया दुनियाँ के सामने पेश कर रहे हैं, इस पहल का मकसद पाक को फ़िर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालना है। अक्टूबर 2022 में,एफएटीएफ ने चार सालों की निगरानी के बाद पाक को ग्रे लिस्ट से हटाया था, लेकिन भारत का दावा है कि पाक ने इस दौरान आतंकवाद के समर्थन में अपने कदमों में सुधार नहीं किया, भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे आईएमफ और विश्व बैंक से मांग कर रहा है कि वे पाकिस्तान द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग की जांच करें। साथियों बात अगर हम पाक को एफएटीएफ की होने वाली मीटिंग में लॉबिंग कर पाक़ को ग्रे लिस्ट में डलवाने की कवायत की करें तो, भारत ने पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डालने की प्रक्रिया तेज कर दी है।यह कदम आतंकवादी वित्त पोषण पर लगाम लगाने और पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार,भारत सरकार ने एक विस्तृत डोजियर तैयार कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के हालिया आतंकी फंडिंग ट्रेल,और जम्मू- कश्मीर में हुई घटनाओं से जुड़ा वित्तीय नेटवर्क उजागर किया गया है। ध्यान रहे कि भारतीय कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर सैन्य अभियान चला कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था।

## लोकमाता अहिल्या बाई होलकर का 300वाँ जन्मशती महोत्सव

# धर्म श्रद्धा भक्ति और सुशासन की प्रतीक लोकमाता अहिल्या बाई

इंदौर होलकर राजवंश की राजमाता एवं लाखों लोगों की श्रद्धा का केंद्र लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जिन्होंने अपनी धार्मिक प्रवती के चलते उन्होंने पूरे देश में हजारों शिवालयो मंदिरों का निर्माण ओर जीर्णोद्धार करवाया एवं जो कि अपनी निष्पक्ष न्याय प्रणाली तथा उत्तम शासन व्यवस्था के कारण पूरे मालवा निमाड़ अंचल में लोकप्रिय शासक के रूप प्रसिद्ध थी। अहिल्याबाई होल्कर (जन्म 31 मई, 1725, चौंडी गांव, हैदराबाद [अब महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में], भारत – मृत्यु 13 अगस्त, 1795, इंदौर, भारत) 1767 से 1795 तक मराठा संघ के एक भाग मालवा क्षेत्र की शासक थीं। वह उस युग के दौरान भारतीय राजनीति का नेतृत्व करने वाली कुछ महिलाओं में से एक हैं। उन्होंने पहले रीजेंट के रूप में और फिर मध्य भारत में महेश्वर और इंदौर में होलकर राजवंश की शासक के रूप में कार्य किया, उस अवधि में जिसे होलकर राजवंश का चरम काल माना जाता है। वह अपने परोपकार के लिए भी जानी जाती थीं, खासकर कई हिंदू मंदिरों के निर्माण के लिए। उन्हें पुण्यश्लोक (पवित्र मंत्रों की तरह शुद्ध) के रूप में जाना जाता है।

### प्रारंभिक जीवन और विवाह

अहिल्याबाई का जन्म भारत के महाराष्ट्र राज्य के वर्तमान अहिल्यानगर जिले के चौंडी (या चोंदी) गाँव में हुआ था। उनके पिता, मनकोजी राव शिंदे, गाँव के



पाटिल (ढीले ढंग से मुखिया के बराबर) थे। उन्होंने अहिल्याबाई को पढ़ना-लिखना सिखाया, हालाँकि उस समय महिलाएँ स्कूल नहीं जाती थीं। जब अहिल्याबाई आठ साल की थीं, तो उन्हें मालवा क्षेत्र के स्वामी और पेशवा बालाजी राव की मराठा सेना के एक कमांडर मल्हार राव होलकर ने अपने गाँव के मंदिर में सेवा करते हुए देखा। उनके व्यवहार से प्रभावित होकर, मल्हार राव ने अपने बेटे खांडेराव (1723-54) के साथ उनकी शादी तय की, जो उस समय 10 वर्ष के थे, उस समय बाल विवाह आम बात थी। 1745 में उन्होंने मालेराव नाम के एक बेटे को जन्म दिया। 1748 में मुक्ताबाई नाम की एक बेटी का जन्म हुआ। 1754 में कुंभेर की घेराबंदी के दौरान युद्ध में तोप की आग से खंडेराव की मौत हो गई। उस समय की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई को सती होना चाहिए था, हिंदू धर्म में एक प्रथा है जिसके तहत विधवा को अपने पति की चिता में खुद को जिंदा जला लेना होता है। लेकिन मल्हार राव ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया, जिन्होंने उन्हें राज्य कौशल और युद्ध कौशल का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने उनकी ओर से सैन्य अभियान चलाए और एक प्रशिक्षित तीरंदाज बन गईं। जब मल्हार राव अभियान पर होते थे, तो वह राज्य के मामलों को भी संभालती थीं। मल्हार राव और अहिल्याबाई के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्रों से उनकी क्षमताओं और ज्ञान का पता चलता है। मल्हार राव की मृत्यु 1766 में हुई और उनके उत्तराधिकारी अहिल्याबाई के बेटे मालेराव बने। हालांकि, मालेराव मानसिक बीमारी से पीड़ित थे और उत्तराधिकार के एक साल के भीतर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुरुष उत्तराधिकारी की अनुपस्थिति में, रीजेंट के रूप में अहिल्याबाई को होलकर वंश से एक पुरुष बच्चे को गोद लेने और उसे सिंहासन पर बिठाने की सलाह दी गई। मंत्री गंगाधर जसवंत की इस सलाह से बाद वाले का पद सुरक्षित हो जाता। लेकिन अहिल्याबाई ने इस योजना को समझ लिया और अन्य मराठा सरदारों से होलकर सिंहासन पर उनके दावे (तब उनके महिला होने के कारण मान्यता प्राप्त नहीं थी) का समर्थन करने की अपील की। जल्द ही पेशवा का एक पत्र आया, जिसमें उनकी क्षमताओं को पहचाना गया और उनके समर्थन की गारंटी दी गई।

### शासनकाल

अहिल्याबाई ने मल्हार राव के दत्तक पुत्र तुकोजी राव होलकर को होलकर सेना का सेनापति नियुक्त किया; वह अगले 28 वर्षों तक उनकी सेवा करेंगे। उन्होंने 1792 में चार बटालियन बनाकर अपनी सेना को आधुनिक बनाने में मदद करने के लिए फ्रांसीसी शेवेलियर डुड्रेनेक को नियुक्त किया। लेकिन उनकी विरासत उनके कूटनीतिक और प्रशासनिक कौशल के साथ-साथ निर्माण परियोजनाओं के संरक्षण में निहित है। उनके शासनकाल को होलकर राजवंश का चरम माना जाता है, जो शांति, स्थिरता और प्रगति से चिह्नित है। उस समय के एक और मानदंड को तोड़ते हुए, अहिल्याबाई ने पर्दा (महिलाओं का एकांत) की प्रथा का पालन नहीं किया। वह अपने सभी विषयों के लिए सुलभ होने के लिए जानी जाती थीं और प्रतिदिन दर्शकों को बुलाती थीं जहाँ लोग उनसे संपर्क कर सकते थे। उन्होंने नागरिकों के विवादों में न्याय और मध्यस्थता के लिए अदालतें स्थापित कीं। उस समय के लिए असामान्य रूप से, अहिल्याबाई ने अपनी बेटी की शादी एक आम आदमी से कर दी, जिसने युद्ध के मैदान में वीरता दिखाई। अहिल्याबाई ने कई किले, सड़कें, कुएँ और विश्राम गृह बनवाने में भी मदद की। उन्होंने महेश्वर (शाब्दिक रूप से, भगवान शिव का निवास) को अपनी राजधानी बनाया और कई शिल्पकारों, कलाकारों और मूर्तिकारों को रोजगार दिया। उन्होंने अपने क्षेत्र से बाहर के क्षेत्रों में भी धार्मिक स्मारकों का संरक्षण किया और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, जिसे मुगल सम्राट औरंगजेब के आदेश पर ध्वस्त कर दिया गया था, और औरंगाबाद के पास ग्रिशनेश्वर मंदिर के पुनर्निर्माण में मदद की। कहा जाता है कि उन्होंने महेश्वर में एक कपड़ा उद्योग की स्थापना की, जिसने महेश्वरी साड़ियों को जन्म दिया जो आज भी बुनी जाती हैं। उनकी मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई के बाद तुकोजी राव होल्कर ने राजगद्दी संभाली, जिन्होंने दो साल बाद अपने बेटे जसवंत राव के पक्ष में त्यागपत्र दे दिया। जसवंत राव 1804 में अंग्रेजों से हारने और उसके बाद शांति स्थापित करने तक स्वतंत्र रहने वाले अंतिम होलकर शासक थे।

### विरासत

महेश्वर किले के मुख्य प्रवेश द्वार का नाम अहिल्या द्वार (दरवाजा) है और यह मुख्य होलकर महल की ओर जाता है। उनका पूर्व सिंहासन आज भी मौजूद है और यह रेशम की छतरी वाली एक साधारण लकड़ी की कुर्सी है।

उनके सम्मान में कई सड़कों और स्थानों का नाम रखा गया है। जब समाज सुधारक विट्ठल रामजी शिंदे (1873-1944) ने 20वीं सदी की शुरुआत में अछूत कहे जाने वाले तत्कालीन सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े लोगों के लिए एक स्कूल की स्थापना की, तो पुणे में इसकी इमारत का नाम अहिल्याबाई होलकर के लिए अहिल्या आश्रम रखा गया। इंदौर हवाई अड्डे का नाम देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डा रखा गया है। दो विश्वविद्यालयों, इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और सोलापुर में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा गया है। 1827 से 1830 तक बॉम्बे प्रांत के ब्रिटिश गवर्नर रहे जॉन मैल्कम ने 1823 में अपनी पुस्तक ए मेमॉयर ऑफ़ सेंट्रल इंडिया (पुस्तक में उन्हें अहिल्या बाई कहा गया है) में अहिल्याबाई होल्कर के बारे में विस्तार से लिखा है। अपनी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया में जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें एक उल्लेखनीय महिला बताया है। 2002 में अरविंद जावलेकर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई (अहिल्याबाई, लोगों की माँ) की जीवनी लिखी गई थी। अहिल्याबाई को मंच और स्क्रीन के लिए भी नाटकीय रूप दिया गया है। 2017 में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन का एक नाटकीय संस्करण मातोश्री (आदरणीय माँ) नामक एक नाटक लिखा गया और पूर्व लोकसभा (भारत की द्विसदनीय संसद का निचला सदन) स्पीकर सुमित्रा महाजन द्वारा हिंदी में प्रकाशित किया गया। 2021 में सोनी लिव चैनल पर पुण्यश्लोक अहिल्या बाई नामक उनके जीवन पर आधारित एक हिंदी टीवी सीरीज़ प्रसारित की गई।

साभार

## कविता

### मैं अहिल्या, मैं अहिल्या

हलाहल पान करने वाली,
भोलेनाथ की परम भक्त।
नर्मदा तट की वासिनी,
मैं अहिल्या,मैं अहिल्या ।

न थी अबला बेचारी,
वह बनी सशक्त नारी ।
जन-जन में लोकप्रिया,
मैं अहिल्या में अहिल्या।

धर्म रक्षक, धर्म परायणी,
निर्भीक, जनता की प्यारी।
सुशासिका, परम न्यायप्रिया,
मैं अहिल्या, मैं अहिल्या।
ब्रह्मचारी, ध्यान प्रिया,
सदा लोकहित किया।
लोक हृदय में राज किया,
मैं अहिल्या, मैं अहिल्या।



**शीला बड़ोदिया, इंदौर**

## लघुकथा

### तंज

तेरा ये क्या नाटक है मंगली। मेरे इतना मना करने के बावजूद अपने छोटे से बच्चे को काम की जगह पर ले आती हो। इससे तुम्हारा काम डिस्टर्ब होता है। वो थोड़ा सा रोयेगा, फिर पकड़ कर बैठ जाओगी। मंगली को रोज ठेकेदार का टोकना बहुत बुरा लगता था। आज तो मंगली अपने बच्चे को अपने बगल में बाँधकर काम पर लग गयी। फिर भी ठेकेदार ने ईंटें ढोती हुई मंगली पर ताना कसना नहीं छोड़ा- वाह ! तेरा भी कमाल नहीं मंगली ! मानना पड़ेगा तुझे ! देख, तेरा बच्चा तेरे सर के ईंटों को कैसे एकटक देख रहा है ! हाँ भाई, उसे भी तो कल यही काम करना है।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

### गोधूलि

गोधूलि बेला में गायों का रंभाना और गले में बंधी घंटियों का झूलते हुए बजना, कानों में नवरस घोल रहा था। वहीं आकाश में फैला सिंदूरी रंग मन मोह रहा था।हर शाम की तरह बिरजू चौपाल पर बैठकर नज़रें गड़ाए हुए था कि तभी गणसिया ने दिल थामते हुए पूछ ही लिया, का बात है बिरजू भैया, रोज़ बैठते हो चौपाल परज मगर आस भरी नज़रें कहीं और लगी रहती हैं?लंबे विराम के बाद बिरजू ने चुप्पी तोड़ी मुन्ना कह रहा थाज इस बार की गर्मियों में बच्चों को गांव लेकर जरूर आएगाज कहते-कहते उसकी आवाज़ रूंध गई। उधरज अस्ताचल में सूरज धीरे-धीरे कब ढल गया मालूम ही न चला ।

**विजय सिंह चौहान**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

### शेयर मार्केट अगला हफ्ता

# अगले हफ्ते शेयर बाजार में डिविडेंड-स्टॉक स्प्लिट-बोनस शेयर की बरसात, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

अगले हफ्ते कई बड़ी कंपनियां डिविडेंड, बोनस शेयर, स्टॉक स्प्लिट और राइट्स इश्यू जारी करेंगी, जिससे निवेशकों को लाभ का मौका मिलेगा

अगला हफ्ता भारतीय शेयर बाजार में खासा गुलजार रहने वाला है, क्योंकि कई कंपनियां डिविडेंड, बोनस शेयर, स्टॉक स्प्लिट और राइट्स इश्यू जैसे बड़े कॉरपोरेट एक्शन्स लाने वाली हैं। L&T, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), टाटा मोटर्स और HDFC AMC जैसी बड़ी लार्ज-कैप कंपनियों के अलावा मिड-कैप और स्मॉल-कैप कंपनियां भी निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन एक्शन्स से शेयरों की कीमतों और निवेशकों के पोर्टफोलियो की वैल्यू पर असर पड़ सकता है। जो निवेशक डिविडेंड देने वाले या मल्टीबैगर स्टॉक्स पर नजर रखते हैं, उन्हें रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट पर खास ध्यान देना होगा। लंबे समय तक निवेश करने वालों के लिए ये हफ्ता शानदार मौका लेकर आ रहा है, क्योंकि कई कंपनियां मोटा डिविडेंड और आकर्षक राइट्स इश्यू ऑफर कर रही हैं।

### मंगलवार और बुधवार को डिविडेंड, राइट्स इश्यू और स्टॉक स्प्लिट का जोर

सप्ताह की शुरुआत मंगलवार, 3 जून 2025 से होगी, जब कई कंपनियां अपने शेयरधारकों के लिए डिविडेंड और राइट्स इश्यू की घोषणा लागू करेंगी। अतिशय लिमिटेड अपने निवेशकों को प्रति शेयर 1 रुपये का अंतिम डिविडेंड देगी, जबकि रूञ्ज प्रति शेयर 34 रुपये का भारी-भरकम डिविडेंड वितरित करेगी। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड भी निवेशकों को प्रति शेयर 69 रुपये का अंतरिम डिविडेंड देगी। इसके अलावा, रजनीश वेलनेस लिमिटेड ने 19:30 के अनुपात में राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिसमें प्रति शेयर 1 रुपये की कीमत पर शेयर ऑफर किए जाएंगे। इस राइट्स इश्यू की रिकॉर्ड डेट 3 जून है, और यह 12 जून को खुलेगा तथा 11 जुलाई को बंद होगा। सनशील्ड केमिकल्स लिमिटेड भी प्रति शेयर 2.5 रुपये का अंतिम डिविडेंड देगी।




सीजफायर और FIIs की खरीदारी ने बाजार में भरा जोश, लगातार तीसरे महीने तेजी; ष्ठद्गद्बद्दठ्ठष्ठ स्ह्लशष्द्म 30त्न तक चढ़े

बुधवार, 4 जून को कॉरपोरेट एक्शन्स का सिलसिला जारी रहेगा। कोफोर्ज लिमिटेड अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करेगी, जिसमें शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये से घटाकर 2 रुपये प्रति शेयर किया जाएगा, यानी 1:5 के अनुपात में। इसके साथ ही, इनॉक्स इंडिया लिमिटेड प्रति शेयर 2 रुपये का अंतिम डिविडेंड देगी। शालिभद्र फाइनेंस लिमिटेड ने 3:1 के अनुपात में बोनस इश्यू की घोषणा की है। वहीं, सेशासायी पेपर एंड बोर्ड्स लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड क्रमशः 2.5 रुपये, 6 रुपये और 30 रुपये प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड का भुगतान करेंगी।

### गुरुवार और शुक्रवार को भी डिविडेंड की बहार

गुरुवार, 5 जून को जिंदल सॉ लिमिटेड प्रति शेयर 2 रुपये और रालिस इंडिया लिमिटेड प्रति शेयर 2.5 रुपये का अंतिम डिविडेंड वितरित करेंगी। लेकिन सप्ताह का सबसे व्यस्त दिन होगा शुक्रवार, 6 जून, जब कई कंपनियां डिविडेंड, बोनस और राइट्स इश्यू की घोषणाओं को लागू करेंगी। बैंक ऑफ बड़ौदा प्रति शेयर 8.35 रुपये का अंतिम डिविडेंड देगी। कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (2 रुपये), HDFC AMC (90 रुपये), JSW एनर्जी लिमिटेड (2 रुपये), डॉ. लाल पैथलैब्स लिमिटेड (6 रुपये), रूञ्ज टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (38 रुपये) और टाटा स्टील लिमिटेड (3.6 रुपये) भी अपने शेयरधारकों को अंतिम डिविडेंड का भुगतान करेंगी। इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड इस दिन विशेष रूप से चर्चा का विषय बनेगी, क्योंकि यह प्रति शेयर 20 रुपये का विशेष डिविडेंड और 30 रुपये का अंतिम डिविडेंड देगी। अन्य अंतरिम डिविडेंड में मैथान एलॉय (7 रुपये), निक्को पार्क्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड (0.40 रुपये), त्त्नह्र फाइनेंस लिमिटेड (0.15 रुपये), ताल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (30 रुपये) और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड (20 रुपये) शामिल हैं। हाई एनर्जी बैटरीज इंडिया लिमिटेड और ढ्ढस्नत्तरु रिफ्रैक्ट्रीज लिमिटेड क्रमशः 3 रुपये और 1 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देंगे। बोनस इश्यू के मोर्चे पर, शिलचर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने 1:2 के अनुपात में बोनस शेयर की घोषणा की है। वहीं, सोम दत्त फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड 7:10 के अनुपात में राइट्स इश्यू लाएगी, जिसमें प्रति शेयर 70 रुपये की कीमत होगी। इसकी रिकॉर्ड डेट 6 जून है, और यह इश्यू 20 जून को खुलेगा और 4 जुलाई को बंद होगा।

इन कॉरपोरेट एक्शन्स से शेयरों की कीमतों में हलचल मच सकती है और निवेशकों के लिए नए मौके खुल सकते हैं। खासकर डिविडेंड और बोनस शेयर देने वाली कंपनियां उन निवेशकों के लिए लुभावनी हो सकती हैं, जो लंबे समय तक निवेश करके दौलत बनाना चाहते हैं। निवेशकों को सलाह है कि इन तारीखों और घोषणाओं पर पक्की नजर रखें, ताकि वो अपने निवेश का पूरा फायदा उठा सकें।

(डिस्क्लेमरः यह निवेश की सलाह नहीं है। निवेश संबंधी फैसला करने से पहले अपने एडवाइजर से परामर्श कर लें।)

# केंद्र सरकार ने लोगों को दी राहत, कच्चे तेल पर आयात शुल्क घटाया

### खाने के तेल की कीमतों में गिरावट आने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला वित्त मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना के तहत लागू किया गया है। इससे बाजार में खाने के तेल की कीमतों में गिरावट आ सकती है।

भारत खाद्य तेल का लगभग आधा हिस्सा विदेश से आयात करता है, इसलिए इस आयात शुल्क में कमी का असर सीधे तेल की खुदरा कीमतों पर पड़ेगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे घरेलू बाजार में तेल सस्ता होगा और तेल रिफाइनिंग इंडस्ट्री को भी मजबूती मिलेगी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तीनों कच्चे तेलों पर अब कुल प्रभावी आयात शुल्क करीब 16.5 प्रतिशत रह गया है, जो पहले 27.5 प्रतिशत था। हालांकि, यह राहत केवल कच्चे तेलों पर दी गई है, रिफाइंड पाम तेल और अन्य रिफाइंड तेलों पर अभी भी 32.5 प्रतिशत आयात शुल्क लागू रहेगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे और रिफाइंड तेलों के बीच आयात शुल्क के अंतर को बढ़ाने से घरेलू तेल उद्योग को फायदा होगा और रिफाइंड तेल के आयात में कमी आएगी।

# पब्लिक प्रोविडेंट फंड सुरक्षित और लाभकारी विकल्प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेयर बाजार के लगातार उतार-चढ़ाव के बीच लोग अब पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) को एक मजबूत और लाभकारी निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। पीपीएफ एक ऐसा निवेश है जो सरकार की गारंटी के साथ आपको स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न देता है। जबकि स्टॉक्स और म्यूचुअल फंड में जोखिम होता है, पीपीएफ आपके पैसे की सुरक्षा और बढ़ती हुई राशि का विश्वास दिलाता है। पीपीएफ खाता खोलने के लिए आप किसी भी बैंक या डाकघर में जा सकते हैं। आपको प्रति वर्ष 15 साल के अवधि में निवेश करना होता है और धीरे-धीरे आपका निवेश बढ़ता जाता है। सालाना 7.1 फीसदी के कंपाउंडिंग ब्याज दर के साथ आप अच्छे रिटर्न उम्मीद कर सकते हैं, जो आपके निवेश को दोगुना बना सकता है। इस योजना में निवेश करने के लिए आप अपने नाबालिग बच्चे के नाम पर भी पीपीएफ खाता खोल सकते हैं। यह एक अच्छा विकल्प है ।

## महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने किया विकास योजनाओं का लोकार्पण



**इन्दौर।** इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन नवीन विकासकार्यों का भूमिपूजन करने के साथ ही इन्हें द्रुतगति से पूर्ण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा विधानसभा क्रमांक 05 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 50 में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जाने वाली स्टॉर्म वाटर लाइन का भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, वार्ड 50 के पार्षद राजीव जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय रहवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अवैध निर्माण के खिलाफ निगम की सख्त कार्रवाई



**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार झोन क्रमांक 22 में स्थित ष्ट21 मॉल के पीछे नाले के किनारे बने चार मंजिला अवैध व्यावसायिक भवन को रिमूवल कार्रवाई के तहत पहले मैन्युअल और जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया था। शेष बचे निर्माण को आज सुरक्षित रूप से विस्फोट (ब्लास्ट) के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रिमूवल अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, जोनल अधिकारी एवं रिमूवल प्रभारी श्री बबलू कल्याण तथा निगम की रिमूवल टीम मौके पर मौजूद रही।

## सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया



**इन्दौर।** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 29 भमोरी मैकेनिक नगर में 60 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन



किया। इस अवसर पर पार्षद पूजा पाटीदार जी, पूर्व एमआईसी सदस्य चंदू शिंदे जी, पार्षद शरद पवार जी, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत दुबे, विनोद सुनेर, चिंटू सागले, विक्रम पवार, राकेश शर्मा, मनोज जाधव, दुर्गेश आवटे, अनुराग राठौर, इंदु शर्मा, आभा जानी, सोनू अरोड़ा, प्रीति नागदिवे, हरीश जी डागुर, जगदीश जी पटेल, रामेश्वरजी जी पांचाल, गोपाल जांगिड़, परमजीत जी भाटिया, विष्णु धाँगे, विशाल शर्मा आदि कार्यकर्ता तथा व्यापारी जन उपस्थित रहे..

## अब घरों का भी बनेगा आधार कार्ड देश में अब लागू होगा डिजिटल एड्रेस सिस्टम

**इन्दौर।** देश के हर नागरिक का कार्ड बनाने के साथ ही केंद्र सरकार सभी घरों और इमारतों का आधार कार्ड जैसा डिजिटल आईडी बनाने पर विचार कर रही है। इसे डिजिटल एड्रेस सिस्टम या डिजिपिन कहा जाएगा। डिजिटल एड्रेस सिस्टम के अंतर्गत सरकार देश की हर इमारत, घर, स्थान को एक न्यू यूनिक डिजिटल कोड देने की तैयारी में है। ठीक वैसे ही किया जाएगा, जैसे आधार कार्ड द्वारा हर व्यक्ति को 12 अंकों का यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाता है। सभी इमारतों और घरों को डिजिटल पहचान मिलेगी। 10 अक्षरों का अल्फा न्यूमैरिक कोड किसी भी जंगल, स्लम एरिया, ग्रामीण एरिया और पहाड़ी इलाकों तक की सटीक लोकेशन बताएगा। इससे एंबुलेंस, पुलिस, सरकारी सेवाओं के साथ ऑनलाइन डिलीवरी वाले व्यक्ति को एड्रेस का पता लगाने की मुश्किलें दूर होंगी।

# इंदौर शहर का सफर तांगे से मेट्रो तक

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से किया इंदौर मेट्रो का उद्घाटन





**इंदौर।** इंदौर ने आज आधुनिकता की नई पटरी पर कदम रखा। मध्यप्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक राजधानी अब मेट्रो ट्रेन प्रणाली से जुड़ चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से वर्चुअल माध्यम से इंदौर मेट्रो परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी विशेष रूप से मौजूद थे। लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर इंदौर में शुरू हुए मेट्रो रेल परियोजना के शुभारंभ के इस ऐतिहासिक अवसर पर इंदौर में उत्सव जैसा माहौल रहा, जिसमें नागरिकों विशेष कर महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह समारोह महिलाओं पर विशेष रूप से केंद्रित था। ंदौर में आयोजित समारोह में केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री श्री तोखन साहू, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्री जयदीप विशेष रूप से मौजूद थे। विशेष बात यह रही कि यह परियोजना देवी लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर शुरू की गई और पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित रही। इससे न केवल शहर के विकास को एक नई दिशा मिली है, बल्कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण है।





### आधुनिक नगरों की सूची में शामिल इंदौर

मेट्रो परियोजना के शुभारंभ ने इंदौर को देश के उन आधुनिक नगरों की सूची में शामिल कर दिया है, जहां भविष्य की परिवहन प्रणाली अब हकीकत बन चुकी है। यह परियोजना न केवल यातायात की भीड़ को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।



### तांगे से मेट्रो तक-एक ऐतिहासिक सफर

इंदौर का सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का इतिहास तांगे, टेम्पो, वेन और मिनी बसों से शुरू होकर अब अत्याधुनिक मेट्रो तक पहुंचा है। यह केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि शहर की समग्र प्रगति का प्रतीक है।

### महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं

इस परियोजना को महिलाओं को समर्पित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक स्टेशन पर महिला सुरक्षा बल (महिला गार्ड्स) की तैनाती रहेगी। मेट्रो डिब्बों में आरक्षित कोच रहेगा और सीसीटीवी से निगरानी रहेगी। टिकट वितरण और स्टेशन प्रबंधन में महिला कर्मचारियों की विशेष भागीदारी होगी। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं के लिए विशेष सीट आरक्षण और सहायता सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### नागरिकों की प्रतिक्रियाः उत्साह और उम्मीदों से भरी

शहरवासियों ने इस ऐतिहासिक पल पर अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त कीं।

ज्योति शर्मा (छात्रा) का कहना है कि अब हमें कॉलेज आने-जाने में बहुत सहूलियत होगी, ट्रैफिक और ऑटो वालों की मनमानी से मुक्ति मिलेगी।निजी कंपनी में काम करने वाले सुनील चौहान ने बताया कि मेट्रो से समय की बचत होगी और ऑफिस पहुंचना अब ज्यादा भरोसेमंद रहेगा। इंदौर का भविष्य बहुत उवल लग रहा है। आम गृहिणी उमा बाई ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर जैसी महान महिला की जयंती पर यह मेट्रो शुरू हुई, यह हम महिलाओं के लिए गर्व की बात है। कॉलेज छात्रा यामिनी गौड़ ने कहा कि मैने कभी नहीं सोचा था कि इंदौर में मेट्रो चलेगी। लेकिन राज्य सरकार ने इसे साकार कर दिखाया। यह सौंगात मिलने से में बहुत खुश हूं। गृहिणी किरण दुबे ने बताया कि आज मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। कि अब मेरे शहर इंदौर की गिनती भी मेट्रो शहर के रूप में हो गई है। इंदौर की पहचान अभी तक स्वच्छता में थी। अब मेट्रो के रूप में एक और मुकुट जुड़ेगा। इंजीनियर नताशा बिल्लोरे ने कहा कि भी तक इंदौर में आईआईएम, आईआईटी जैसे देश के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान थे, अब उसमें एक और राष्ट्रीय स्तर की परिवहन सुविधा जुड़ गई है। बेशक इससे इंदौर का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा। ?दिव्यांग युवती पूजा शर्मा मेट्रो ट्रेन शुरू होने से बेहद उत्साहित है। लगभग 10 किलो मीटर का सफर अपने भाई के साथ तय कर इस इतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिये कार्यक्रम में पहुंची। उसका कहना था कि हम दिव्यांगों को परिवहन के लिये इससे बड़ी और कोई सौंगात नहीं होगी।

### हरित भविष्य की ओर कदम

मेट्रो परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। इससे डीज़ल और पेट्रोल वाहनों की निर्भरता कम होगी और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय गिरावट आएगी। इंदौर, जो पहले से ही स्वच्छता में नंबर एक है, अब हरित परिवहन की दिशा में भी अग्रणी बन रहा है। इंदौर मेट्रो न केवल एक शहरी सुविधा है, बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक विरासत, तकनीकी उन्नति और सामाजिक समानता का प्रतीक बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री मोदी की नारी शक्ति और नए भारत की कल्पना को अर्थ देने वाली यह परियोजना आने वाले वर्षों में इंदौर को वैश्विक स्मार्ट सिटी की सूची में मजबूती से स्थापित करेगी।

### उत्सवी वातावरण

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्सवी वातावरण में हुआ। अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और प्रदेश के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने सर्व प्रथम मां अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधि विधान से गणेश पूजन और अन्य वास्तु पूजन भी किया गया। इस अवसर पर शंखध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में पारम्परिक वस्त्र पहने महिलाओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय उदघोष से पूरा वातावरण राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में भोपाल से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का प्रसारण भी सीधा दिखाया गया।

### महिलाओं ने किया सफर

मेट्रो रेल का प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही इंदौर में मेट्रो रेल का सफर प्रारंभ हो गया। इस पहले सफर में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग ?लिया। भारत माता की जय के नारों के साथ मेट्रो रेल में बैठी और उन्होंने सफर किया। महिलाओं ने मेट्रो रेल के साथ सेल्फी भी ली। भजन गाते हुए उन्होंने सफर पूरा किया।





## कृषि संकल्प अभियान 2025 का उत्तर प्रदेश में शुभारंभ



**लखनऊ ।** प्रधानमंत्रीजी के मार्गदर्शन में गत 8 वर्षों में डबल इंजन की उत्तर प्रदेश सरकार ने खेती, किसानी और अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक व्यापक अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का उत्तर प्रदेश में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कृषि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं एवं समस्त किसान बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन ।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के द्वारा सनातन धर्म के उत्थान और पुनर्स्थापना के लिए किए गए कार्य, हम सभी के लिए एक नई प्रेरणा हैं -योगी



**लखनऊ।** इसी क्रम में आज पुण्यश्लोक पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन), श्री बीएल संतोष जी के साथ लखनऊ में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर आधारित कमल ज्योति के विशेषांक का विमोचन भी हुआ। लोकमाता की पावन स्मृतियों को शत शत नमन!

## बसपा ने हमेशा महापुरुषों को सम्मान देने का किया है कार्य, दिखावा नहीं : डा. अविन शर्मा

**हाथरस ।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में आज राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म जयंती भारी धूमधाम से शहर बालापट्टी में मनाई गई। इस मौके पर लोक सेवा एवं जनसेवा में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के शासन,धर्म पथ के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजमाता अहिल्याबाई होल्कर व डा. भीमराव अंबेडकर के छविचित्र पर माल्यापर्ण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सादाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ बसपा नेता डा. अविन शर्मा मौजूद थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के जिलाध्यक्ष राजकपूर ने की। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के वक्ताओं ने कहा कि जब जब बसपा की सरकार रही है, बसपा ने महापुरुषों को चाहे वह किसी जाति व धर्म से हो उनको सम्मान देने का सबसे पहला कार्य बहुजन समाज पार्टी ने किया है। जन्म जयंती का संचालन पूर्व सेक्टर प्रभारी सुशील सिद्धार्थ ने किया। कार्यक्रम में बसपाई उपस्थित थे।

## क्षय मरीजों की संख्या में वृद्धि, स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी

**हाथरस ।** जिले में क्षय रोग मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। 2025 में अब तक 2066 मरीजों की पहचान हुई है, जबकि 2024 में 5080 मरीज मिले थे। जिले में 17 बलगम जांच केंद्र और नौ एक्स-रे साइट स्थापित किए गए हैं, जहां टीबी की जांच और इलाज मुफ्त किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने टीबी उन्मूलन के लिए कई कदम उठाए हैं। सात दिसंबर 2024 से शुरू हुए 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में चार लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 2344 नए मरीजों की पहचान कर इलाज शुरू किया गया। निक्षय पोषण योजना के तहत अब तक 4.13 करोड़ रुपए की राशि मरीजों के खातों में भेजी जा चुकी है। जिले की 462 ग्राम पंचायतों में से 79 को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने लोगों से अपील की है कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, सीने में दर्द, रात में बुखार और पसीना आने के लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच कराएं। इलाज की सफलता दर 2022 में 91 प्रतिशत और 2023 में 92 प्रतिशत रही। 2024 में यह दर 76 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले में टीबी को पूरी तरह से खत्म किया जाए। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**हाथरस ।** भाजपा जिला कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होलकर जी की जन्म जयंती कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता मे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में आयोजित प्रतियोगिता में विजय हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी डी पी भारती रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता अहिल्याबाई होलकर ,भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय की छवि चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डी पी भारती ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक, समाजसेविका और धार्मिक नेता थीं जिन्होंने 18 वीं शताब्दी में मालवा राज्य पर शासन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि अपने शासनकाल में अहिल्याबाई ने कई सामाजिक सुधार किए। छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता में तृप्ति अग्निहोत्री को प्रथम स्थान राघव तिवारी को द्वितीय स्थान नक्श चौधरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**हाथरस ।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष रवि सारस्वत के नेंतृत्व में अपना दल एस के कार्यालय रत्नगर्भा कॉलोनी इगलास रोड पर राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जन्मोत्सव मनाया गया। जिलाध्यक्ष रवि सारस्वत ने राजमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रवि सारस्वत, केडी शर्मा ,डॉ. बंगाली, अनिल राजपूत, धीरेंद्र चौधरी सादाबाद, रवि खान, अशोक कुमार उपाध्याय,अरविन्द सारस्वत, प्रमोद, मुन्नालाल , ललित शर्मा, नाजिम कुरैशी, अली मोहम्मद प्रधान प्रतिनिधि, कृष्ण बघेल एवं बघेल समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थें।



# पीएम ने 47600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया





**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने शुभम के परिजनों से भी मुलाकात की। साथ ही पीएम ने 47600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। सवा दो घंटे की यात्रा के दौरान मोदी 47,600 करोड़ की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें कानपुर में अंडरग्राउंड मेट्रो से लेकर पनकी व घाटमपुर के पावर प्लांट के अलावा सोनभद्र, बुलंदशहर व एटा के पावर प्लांट भी शामिल हैं। सुरक्षा में 4000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पीएम मोदी बिहार से कानपुर चकेरी एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी एशान्या द्विवेदी, पिता संजय द्विवेदी व माता सीमा द्विवेदी से मुलाकात भी की। पीएम मोदी ने एशान्या ने घटना की जानकारी ली। साथ ही कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अब हर आतंकवादी हमले का करारा जवाब देने का इरादा कर चुका भारत परमाणु बम की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है।

### परमाणु बम के गीदड़भभकी से डरने वाला नहीं भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अब हर आतंकवादी हमले का करारा जवाब देने का इरादा कर चुका भारत परमाणु बम की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है।

कानपुर को क्या क्या मिला

घाटमपुर स्थित नियवेली पावर प्लांट की 660 मेगावाट की तीन यूनिट को 9,337.68 करोड़ की लागत से बनाया गया है। इस पावर प्लांट का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया था और अब लोकार्पण किया है। इस पावर प्लांट प्रदेश के ऊर्जा विभाग और भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की ओर से तैयार किया गया है शहर में पहली बार सेंट्रल स्टेशन से चुन्नीगंज स्टेशन के बीच भूमिगत (अंडरग्राउंड) मेट्रो का संचालन शुरू होगा। 2,120 करोड़ की लागत से इस सेक्शन का निर्माण हुआ है। दूसरे चरण में चुन्नीगंज से सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो का संचालन शुरू होगा। 31 मई से जनता सुबह छह से रात दस बजे तक आईआईटी से सेंट्रल तक सफर कर सकेंगे। पनकी पावर प्लांट की नई 660 मेगावाट यूनिट को 8,305.16 करोड़ की लागत से बनाया गया है। आठ मार्च 2019 को पीएम नरेंद्र मोदी ने ही इसका शिलान्यास किया था। पनकी पावर प्लांट के महाप्रबंधक जीके मिश्रा ने बताया कि इससे बिजली नार्दन ग्रिड के जरिए यूपी को मिलेगी। शुभारंभ समारोह का लाइव प्रसारण होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने मेक इन इंडिया की ताकत देखी

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टार्गेट तय किया वहां धमाके किए। यह ताकत आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था जब भारत सैन्य जरूरतों और अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो, यह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है आत्मसम्मान के लिए भी उतना ही जरूरी है। आत्मनिर्भरता से आजादी दिलाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया। यूपी डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर भारत में बड़ा अभियान चला रहा है।

### दुश्मनों को हौंक दिया जाएगा, बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। फिर कहना चाहता हूं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था। वह किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समय, जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गिदड़ भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंकी सरपस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का ट्रेड और नॉन ट्रेड वाला खेल अब चलने वाला नहीं है। अगर सीधे सीधे कानपुरिया में कहूं तो दुश्मन कहीं भी हो तो हौंक दिया जाएगा।

### कानपुर के चमड़ा उद्योग को सशक्त किया जाएगा

मोदी ने कहा कि आज युवा अपना उद्योग शुरू करना चाह रहे हैं तो उन्हें मुद्रा योजना के तहत पैसे मिल जा रहे हैं। हम यहां पर नए उद्योगों एनएमएसपी के लिए नया माहौल बना रहे हैं। कानपुर के पारंपरिक चमड़ा उद्योगों को सशक्त किया जा रहा है। कानपुर के साथ-साथ यूपी के सभी जिलों को मिलेगा। यूपी में निवेश का सुरक्षित महौल बना हुआ है। हम यूपी को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

### एयरपोर्ट की तरह विकसित होगा कानपुर स्टेशन

पीएम ने कहा कि कानपुर सेंट्रल भी एयरपोर्ट की तरह वर्ल्ड क्लास नजर आएगा। हमारी सरकार 150 से अधिक स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत नवीनीकृत कर रही है। यूपी अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उत्पादन को बढ़ावा जाएगा जिसका फायदा कानपुर को होगा। कानपुर के लघु उद्योगों को पूरा करते हुए काम कर रहे हैं।

### कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे से सफर 40 से 45 मिनट का होगा

पीएम मोदी ने कहा कि आज यूपी आधुनिक इंफ्रा के मामले में बहुत आगे निकल रहा है। इस यूपी की पहचान टूटी फूटी गढ्ढों से होती थी अब इसकी पहचान एक्सप्रेसवे से हो रहा है। यूपी कैसे बदला ये कानपुर से बेहतर कौन जान सकता है। कुछ ही दिनों में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे से सफर 40 से 45 मिनट का होगा। लखनऊ से ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी भी मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इससे पूर्व से पश्चिम जाने के लिए दूरी और समय भी बचेगा। कानपुर के लोगों को अब तक फर्रूखाबाद अनवरगंज सिंग्नल से दिक्कत होती थी।

### कानपुर की मेट्रो महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली मेट्रो की सौगात दी है। पहले एलीवेटेड और अब अंडरग्राउंड मेट्रो कानपुर के महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ रहा है। कानपुर मेट्रो इस बात का सबूत है कि मजबूत इच्छाशक्ति वाली सरकार हो तो देश की विकास के लिए कैसे ईमानदारी से प्रयास होते हैं। कानपुर के बारे में लोग कैसी कैसी बातें कर रहे थे। बड़ा चौराहा, कानपुर सेंट्रल, नयागंज इतनी भीड़ भाड़ वाले स्थान थे। लोग कहते थे कि यहां कहां इतना बड़ा बदलाव हो पाएंगे। ट्रैफिक की समस्या गहराती रही। यूपी के कानपुर विकास में बिछड़ता गया। लेकिन अब कानपुर विकास का नया कीर्तिमान गढ़ रहा है। मेट्रो से अब कानपुर को कितना फायदा होने जा रहा है।

### डबल इंजन की सरकार विकसित यूपी के निर्माण के लिए कर रही कार्य

पीएम मोदी ने कहा कि पनकी पावर प्लांट, नवेली पावर प्लांट, जवाहरपुर पावर प्लांट, ओबरा पावर प्लांट और खुर्जा पावर प्लांट का लोकार्पण हुआ है। ये जरुरतों को पूरा करने के लिए बहुत जरूरी है। इससे उपलब्धता और बढ़ेगी। इससे उद्योगों को गति मिलेगी। आज 45 हजार करोड़ से अधिक लागत के अधिक योजनाओं का लोकार्पाण और शिलान्यास किया गया है। मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी मदद दी गई है। ये प्रगति के लिए हमारी कमिटमेंट को दिखाती है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और वकील चेंबर्स का उद्घाटन करते हुए सीजेआई बोले**

# योगी देश के सबसे पावरफुल मुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने के बाद जस्टिस बीआर गवई शनिवार को पहली बार प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभी-अभी मंत्री मेघवाल जी ने बताया कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं।

इलाहाबाद की भूमि पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पावरफुल हैं ही। सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और वकील चेंबर्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- इस देश के आखिरी नागरिक तक पहुंचना हमारा मौलिक कर्तव्य है। जब तक बार और बेंच साथ में काम नहीं करते, तब तक हम न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। कार्यक्रम में सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। योगी ने कहा कि महाकुंभ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी भूमिका रही। अगर कोर्ट कुंभ के पहले अगर किसी काम में स्टे कर देता तो यह सफलतापूर्वक संपन्न न हो पाता।

### इतनी बड़ी बिल्डिंग वकीलों के लिए वर्ल्ड में नहीं

सीजेआई ने कहा कि आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुत अच्छा उदाहरण दिया है, जिसे हम रोल मॉडल बोल सकते हैं। मेरे नॉलेज में इतनी बड़ी इमारत वकीलों के लिए पूरे वर्ल्ड में भी नहीं होगी। यहां वादकारियों का भी ख्याल रखा गया। बगल के भूखंड में वादकारियों के लिए कुछ प्लानिंग है, जहां बच्चे लेकर आने वाली महिलाओं के लिए क्रैच भी बनेगा। यानी वर्किंग महिला के बच्चों के लिए देखरेख की व्यवस्था की जाएगी।

### वकीलों के एसी चेंबर आप लोगों को ठंडा करेंगे

योगी ने कहा कि याद कीजिए इसी इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2017 में प्रधानमंत्री मोदी का आगमन हुआ था। उन्होंने कहा था- सुशासन की पहली शर्त है- रूल ऑफ लॉ। यानी कानून का शासन। इसमें बार और बेंच के साथ-साथ वादकारी का भी महत्व है। प्रयागराज धर्म, ज्ञान और न्याय की भूमि के रूप में देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है। महाकुंभ में कौन सा व्यक्ति होगा, जिसने त्रिवेणी में डुबकी लगाकर अपनी विरासत के साथ जोडऩे में गौरव की अनुभूति न की हो। 6 साल पहले गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने मल्टीलेवल पार्किंग बनाई था। मगर, यह नहीं चली नहीं। मैंने कहा- चलेगी भी नहीं। सबसे पहले ऊपर के दो फ्लोर कॉमर्शियल कर दीजिए। इसके बाद मैं आपसे बात करूंगा। अब वहां कॉम्पलेक्स फुल है। यहां पर मल्टीलेवल पार्किंग के साथ-साथ वकीलों को चेंबर दिए गए हैं। वकीलों के ये एसी चेंबर आप लोगों को भी ठंडा करेंगे।

# अब्बास अंसारी की विधायकी हुई खत्म

**लखनऊ। अब्बास अंसारी की मऊ कोर्ट से सजा का ऐलान होते ही विधायकी भी खत्म हो गई है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष नोटिफिकेशन जारी करेंगे। नोटिफिकेशन में आज की तारीख से सदस्यता रद्द होने का जिक्र रहेगा।**

दरअसल सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के अनुसार अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल से ज्यादा की सजा हुई है तो ऐसे में उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह दिशानिर्देश जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) निरस्त कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने प्रत्याशियों को एक राहत जरूर दी है। जिसके तहत अगर सदस्य फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाता और फैसला पक्ष में आता है तो सदस्यता स्वतः ही वापस हो जाती है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मऊ में साल 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए भडक़ाऊ भाषण के मामले में सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा और तीन हजार का जुर्माना लगाया है।

## छत्तीसगढ़ में चावल उत्सव मनाया जाएगा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 से 7 जून 2025 तक चावल उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त–तीनों माह का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा। प्रदेश की 13,928 उचित मूल्य दुकानों में चावल का अग्रिम भंडारण जारी है, ताकि वितरण सुचारु हो सके। मानसून में पहुंचविहीन होने वाली 249 दुकानों में भी पहले से चावल भेजा जा रहा है। वितरण पूरी तरह पारदर्शी होगा–बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही चावल मिलेगा और रसीद अनिवार्य रूप से दी जाएगी। खाद्य विभाग ने जिलों को निर्देशित किया है कि प्रचार-प्रसार के जरिए हर लाभार्थी तक जानकारी पहुँचे।

## राज्य निर्माण के बाद मोहला- मानपुर जिले में पहली बार हुआ राज्यपाल का आगमन



**रायपुर (एजेंसी)।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। राज्य निर्माण के उपरांत 25 साल बाद आज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी परिसीमा में राज्यपाल श्री रमेन डेका का आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रथम बार जिले की सीमा में राज्यपाल का आगमन हुआ। राज्यपाल श्री रमेन डेका का यहां पहुंचने पर जिला कलेक्टर परिसर में उन्हें गॉर्ड ऑफ आनर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर परिसर और एकलव्य विद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधरोपण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में कृषि समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने महिला समूह से भेंटकर उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उनके हुनर से रूबरू हुए। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने मानपुर में संचालित एकलव्य विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने एकलव्य विद्यालय को क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ करने और सपने को साकार करने में यह विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में आधुनिक सुविधा के साथ विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा से जोड़ने कहा। इस दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 'विकसित छत्तीसगढ़' के रोडमैप पर रखें फोकस : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी में आयोजित समीक्षा बैठक में 'विकसित छत्तीसगढ़' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़' के लिए तैयार किया गया विजन डाक्यूमेंट एक रोडमैप की तरह है, जिसमें लक्ष्य और दिशा-निर्देश स्पष्ट हैं। अधिकारी विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ इसे परिणाम तक ले जाएं। मुख्यमंत्री श्री साय आज रायपुर और धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के समापन पर कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए। जन-जन से संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान निरंतर जारी रहना चाहिए। अधिकारी कड़ी मेहनत और नवाचारी तरीकों से लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता को देरी से न्याय मिलना, न्याय नहीं मिलने के बराबर है। उन्होंने कहा कि राजस्व त्रुटि सुधार जैसे कामों में अधिकारियों-कर्मचारियों से ही गलती होती है, लेकिन इसका नुकसान आम लोगों को होता है और उन्हें ही परेशान होना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सक्रिय तहसीलदारों वाले क्षेत्रों में राजस्व प्रकरण कम लंबित रहते हैं। साथ ही, अधिकारियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनके कार्यों को न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया।

### फ्लैगशिप योजनाओं पर दें ध्यान

मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम आवास, और जल जीवन मिशन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ राज्य चुना गया है। साथ ही, नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार धमतरी और रायपुर में पर्यटन स्थल विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने को कहा।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को साझा करने को कहा, ताकि राज्य स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रत्येक जिले का रिपोर्ट कार्ड उनके पास है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में आए आवेदनों का समयबद्ध समाधान किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छा काम करने पर पुरस्कार और काम नहीं करेंगे तो उनकी खैर नहीं होगी। इस मौके पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, विधायक श्री अजय चंद्राकर, विधायक श्री ओंकार साहू, महापौर श्री रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसव राजु एस. सहित रायपुर और धमतरी जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के समाधान का अभियान : मुख्यमंत्री

## रिमझिम बारिश के बीच मुख्यमंत्री पहुंचे धमतरी के समाधान शिविर में, कमल के हार से मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत

**रायपुर (एजेंसी)। रिमझिम बारिश के बीच आज धमतरी के समाधान शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नागरिकों की मांग पर 213 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने हाईटेक बस स्टैण्ड, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और तीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी।**





आज जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिशन मोड में प्रदेश भर में पिछले 54 दिनों से संचालित सुशासन तिहार का आज धमतरी के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस समाधान शिविर और समीक्षा बैठक के बाद समापन हो गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी के समाधान शिविर में आमजनों से योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली और व्यक्तिगत रूप से आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिमझिम बारिश के बावजूद जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। कमल के फूलों के हार के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत किया।

### धमतरी में बड़ी घोषणाएं

सुशासन त्योहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए 213 करोड़ रुपये के कार्यों की सौगात दी। उन्होंने धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ रूपए, एक सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ 50 लाख रूपए, सिहावा चौक से कोलियारी तक फोर लेन सड़क निर्माण 5 किलोमीटर के लिए 69 करोड़ रुपए, रत्नाबन्धा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क के लिए 56 करोड़ रूपए और धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग नवीनीकरण और मजबूतीकरण के लिए 60 करोड़ रुपए की घोषणा की।

### सुशासन के मायने अच्छा शासन

मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है -अच्छा शासन। 'सुशासन तिहार' आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित त्योहार है। 8 अप्रैल से शुरू हुए इस महाअभियान के प्रथम चरण में राज्य के प्रत्येक जिले में ग्रामीणों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदनों पर कार्यवाही की गई और तृतीय चरण में 08 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर आवेदनों के निराकरण की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। सुशासन तिहार के दौरान अचानक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की चौपाल में लोगों से फीडबैक लिया गया और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान किया गया। इस दौरान विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेशभर में 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन जनता के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का मतलब है, पूरी होने की गारंटी। पूर्व सरकार के कार्यकाल में जिन 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित किया गया था, उनकी चिंता करते हुए हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट में इन सभी आवासों को स्वीकृति दी। अब तक लाखों हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया जा चुका है। हाल ही में बिलासपुर में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 3 लाख आवास और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंबिकापुर के कार्यक्रम में 51 हजार से अधिक आवासों का गृहप्रवेश कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित माओवादियों और पीड़ित परिवारों के लिए विशेष 15,000 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही विशेष जनजातियों कोरवा, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाड़िया आदि के लिए 32,000 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए हैं। यह सभी पहल दर्शाती हैं कि सरकार समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 70 लाख से अधिक माताओं को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला का नाम छूट गया है या विवाह के बाद नाम अपडेट करना है, तो उसकी भी सुविधा आगे दी जाएगी। सरकार पूरी संवेदनशीलता से सभी को योजना से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री रामलला दर्शन योजना' और 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्गों को लाभ मिल रहा है।

### योजनाओं की जानी हकीकत

मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही जोधापुर डाकबंगला वार्ड की श्रीमती सुधा मारकण्डे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें पक्का मकान मिल गया है और अब पानी टपकने और कीड़े-मकोड़े आदि का डर नहीं है। लखपति दीदी श्रीमती संतोषी हिरवानी ने बताया कि वह आजीविका के लिए मुर्गीपालन के साथ ही मछलीपालन, पशुपालन, मशरूम उत्पादन आदि का व्यवसाय कर रही हैं, इससे उन्हें 12 हजार रूपये की अतिरिक्त आय हो रही है। कला केन्द्र में कराटे और डांसिंग सिखाने वाले वेदप्रकाश साहू ने कहा कि, कलाकेन्द्र स्थापित होने से उन्हें रोजगार का अवसर मिला। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के हितग्राही श्री घनाराम रजवाड़े ने कार्ड के जरिए मिल रही निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा, महापौर श्री रामू रोहरा, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्री इंदर चोपड़ा, श्रीमती पिंकी शाह, श्री श्रवण मरकाम सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजु एस., आयुक्त, रायपुर संभाग श्री महादेव कांवरे, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

# रानी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की जीवंत प्रतीक: राजवाड़े

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सूरजपुर जिले के ऑडिटोरियम में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। श्रीमती राजवाड़े ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कर्तृत्व को नारी शक्ति की प्रेरणा बताया। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी और हमेशा अपनी प्रजा की भलाई के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए तालाब खुदवाए, निर्धनों की सहायता की और शासन को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने शत्रुओं का डटकर सामना किया और अपने शासन में न्याय, धर्म और जनसेवा को




सर्वोपरि रखा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने यह भी कहा कि रानी अहिल्याबाई ने स्त्रियों को समाज में निर्णय लेने का अधिकार दिया और विधवाओं एवं वंचित वर्ग की महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि स्त्री केवल सहनशीलता की प्रतीक नहीं, बल्कि नेतृत्व, चेतना और परिवर्तन की वाहक भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी रानी अहिल्याबाई की प्रेरणा से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने यह भलीभांति समझा था कि समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी और शिक्षा के बिना संभव नहीं है। इस अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें जय दुर्गा स्वसहायता समूह को डोर टू डोर कचरा संग्रहण और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अपने योगदान के लिए श्रीमती माधुरी भंडारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। श्रीमती राजवाड़े ने भटगांव स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित त्रिशताब्दी समारोह में भी भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिले के गणमान्य नागरिकगण, श्री भीमसेन अग्रवाल,रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,श्री मुरली मनोहर सोनी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का सुरक्षित निपटान बना आय का साधन

**बेमेतरा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की दिशा में अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के साजा ब्लॉक के ग्राम राखी में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट आज न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है, बल्कि स्वच्छता दीदी के लिए आय का सशक्त माध्यम भी बन चुकी है। इस यूनिट में ब्लॉक के आसपास के ग्रामों से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया जा रहा है, जिसे गांवों में कार्यरत स्वच्छता दीदी स्वयं एकत्र कर रही हैं। ये दीदी न केवल अपने गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, बल्कि इस कार्य के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता भी हासिल कर रही हैं। ग्राम राखी स्थित यूनिट में कार्यरत माँ जय लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस एकत्र कचरे की छंटाई करती हैं। इसके बाद यूनिट में स्थापित आधुनिक बेलिंग मशीन के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को बंडल कर पुनर्चक्रण कंपनियों को बेचा जाता है। यह प्रक्रिया कचरे के सुरक्षित निपटान के साथ-साथ राजस्व सृजन का भी एक प्रभावी मॉडल बन गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की यह व्यवस्था स्वच्छता और सतत विकास दोनों लक्ष्यों की पूर्ति कर रही है। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को एक नई आर्थिक दिशा भी मिल रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में इस प्रकार की एक-एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जा चुकी है।

# सरकार के कार्यों से प्रदेश में आ रही है खुशहाली : मुख्यमंत्री





## मुख्यमंत्री ने कोंडागांव में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**रायपुर।**

सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कोंडागांव जिला प्रवास के दौरान विश्राम गृह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में 8 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक प्रदेश की जनता अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। अधिकारियों ने ज्यादातर समस्याओं का समाधान कर लिया है। इस दौरान हमने भी मंत्रियों और अधिकारियों के साथ गांव गांव पहुंचकर और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल का बकाया बोनस दिया है, इससे किसानों को काफी लाभ हुआ। प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा के लिए जो कार्य कर रही है, उससे प्रदेश में खुशहाली आ रही है और किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। श्री साय ने आगे बताया कि 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर सरकार ने अटल



सेवा केंद्र शुभारंभ किया है, आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश भर में विस्तार किया जाएगा।

गांव में ही लेनदेन की सुविधाएं मिलने से अब ग्रामीणों को बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा कृषि वैज्ञानिक के माध्यम से हमारे प्रदेश के किसानों के बीच में बातचीत करेंगे, उनको आधुनिक खेती के विषय में बताएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन में दस नई क्रांति से पारदर्शिता आई है, नियद नेल्लानार योजना से बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल में विकास की रौशनी पहुंची है। इस अवसर पर केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेंडी, पूर्व विधायक श्री सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री बसवराजूऔर कोंडागांव के कलेक्टर, एस पी मौजूद थे।



पेरिस के रोला गैरा में अमेरिका की कोको गाफ और चेक गणराज्य की मारिया बज़ूकोवा खेलती हुई।

# साई सुदर्शन का काउंटी कनेक्शन, आजमाया आईपीएल 2025 में

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 में सबसे अधिक रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपनी बैटिंग के पीछे छिपे कई राज खोले हैं। सुदर्शन ने बताया कि उनकी बल्लेबाजी में इंग्लैंड में खेले गए काउंटी क्रिकेट का बड़ा योगदान है। काउंटी क्रिकेट के कुछ मैच खेलने के बाद उन्हें समझ आया कि बल्लेबाजी में बेसिक्स यानी बुनियादी तकनीक सबसे अहम होती है। इस अनुभव ने उन्हें इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले आत्मविश्वास भी दिया है। आईपीएल 2025 में साई सुदर्शन ने 15 मैचों में 54.21 की औसत से कुल 759 रन बनाए और वे ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, उनकी इस बेहतरीन फार्म के बावजूद गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस से हार गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अब सुदर्शन का फोकस भारतीय रेड बॉल क्रिकेट पर है। उन्होंने पिछले सीजन में इंग्लिश काउंटी टीम सरे के लिए भी कुछ मैच खेले थे, जिससे उनकी तकनीक में सुधार हुआ। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन शेड्यूल में बदलाव के कारण यह कम हो गया है। भारतीय टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

## रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई 8 जून को होगी

**मुम्बई ।** क्रिकेटर रिंकू सिंह शीघ्र ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी शादी उत्तरप्रदेश के मछ्लीशहर की सांसद प्रिया सरोज से इसी साल नवंबर में होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो की सगाई इसी माह 8 जून को लखनऊ में होने वाली है। रिंकू भारतीय टी20 क्रिकेट टीम से खेलते हैं। वहीं प्रिया समाजवादी पार्टी की टिकट से सांसद हैं। ऐसे में शादी में क्रिकेटरों के साथ ही कई बड़े राजनेताओं ओर जानी मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं प्रिया पेशे से वकील हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने पित की जगह पर उतरीं थीं। रिंकू और प्रिया दोनों एक दूसरे को पहले से ही जानते हैं। इन दोनो की शादी को लेकर इस साल की शुरुआत में सबसे पहले खबरें आयीं थीं पर तब इन दोनो ने ही उन्हें गलत बताया था।

## कप्तान बनते ही शुभमन गिल में आई अकड़?

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में कड़ी टक्कर देने के बावजूद गुजरात टाइटंस मुंबई इंडियंस को हराने में सफल नहीं हो पाए। मुंबई ने मुल्लांपुर में खेले गए इस मैच में गुजरात को 20 रनों से मात दी। 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। अब मुंबई का मुकाबला फाइनल में पंजाब किंग्स से होगा, जबकि गुजरात को अगली बार नई शुरुआत करनी होगी। मगर इस मैच में टॉस के दौरान एक ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या से बिना हाथ मिलाए आगे बढ़ना पसंद किया। हार्दिक पंड्या ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन शुभमन गिल ने उससे बचते हुए यह मौका अनदेखा कर दिया। इस नजारे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैंस के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं। इस घटना को लेकर कई यूजर्स ने गिल की आलोचना की, तो कुछ ने हार्दिक पंड्या के व्यवहार पर सवाल उठाए।

## जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में-वर्ल्ड नंबर-1 सिनर भी जीते

**नोवाक जोकोविच का अगला मुकाबला ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरन नॉरी से होगा। वर्ल्ड नंबर–1 जैनिक सिनर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के मेंस सिंगल्स चौथे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चौथे दौर में जगह बना ली है।**

जोकोविच ने शनिवार को खेले गए तीसरे दौर में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी फिलिप मिजोलिक को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। सर्बिया के जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। अब, 38 साल के जोकोविच का लक्ष्य अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतकर इतिहास रचना है। उनका अगला मुकाबला ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरन नॉरी से होगा। सिनर ने तीसरे दौर में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 1 घंटे 45 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराया। सिनर की यह किसी भी ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत है।

यह टूर्नामेंट सिनर के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनकी तीन महीने की डोपिंग प्रतिबंध के बाद दूसरी प्रतियोगिता है। इससे पहले, उन्होंने इटालियन ओपन के फाइनल में पहुंचकर वापसी की थी।

# बुमराह ने वर्कलोड और जिंदगी को लेकर कही दिल की बात

**नई दिल्ली । भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट 'बियॉन्ड 23' में अपने करियर, फिटनेस, पारिवारिक जीवन और वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए क्रिकेट से ज्यादा उनका परिवार अहम है।**



बुमराह ने कहा, ÷मेरे लिए परिवार मेरे करियर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक स्थायी रिश्ता है। मैं दो चीजों को बेहद गंभीरता से लेता हूं एक है मेरा परिवार और दूसरा मेरा खेल, लेकिन इनमें भी परिवार पहले आता है।÷ उन्होंने आगे बताया कि उनके बेटे ने अभी से गेंद से खेलना शुरू कर दिया है, हालांकि यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। बुमराह की इस बातचीत के पीछे की एक अहम वजह हालिया चयन विवाद भी है। इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को कप्तान बनाने का फैसला किया। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्क्वॉड की घोषणा के समय यह स्पष्ट किया था कि बुमराह पांचों टेस्ट नहीं खेलेंगे। अपनी फिटनेस को लेकर बुमराह ने कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक लगातार खेलते रहना मुश्किल होता है। मैंने यह लंबे समय तक किया है, लेकिन अब यह समझना जरूरी हो गया है कि शरीर किस दिशा में जा रहा है और कौन सा टूर्नामेंट अहम है। आपको स्मार्ट होकर तय करना पड़ता है कि कहां खेलना है और कहां आराम करना है। बुमराह ने यह भी कहा कि वह कभी भी आंकड़ों या लक्ष्यों के पीछे नहीं भागते, क्योंकि जब भी उन्होंने ऐसा किया, वह उन्हें पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, मैं हमेशा मैदान पर पूरी ताकत झोंकता हूं, लेकिन नंबर्स और रिकॉर्ड्स पर ध्यान नहीं देता। मेरा फोकस सिर्फ बेहतर क्रिकेट खेलने पर होता है। बुमराह की यह सोच न केवल एक क्रिकेटर के रूप में उनकी परिपक्वता को दर्शाती है।

## द ट्रेटर्स का धमाकेदार ट्रेलर




शो द ट्रेटर्स का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में 20 कंटेस्टेंट्स राजस्थान के रॉयल सूर्यगढ़ पैलेस पहुंचते नजर आते हैं, जहां उनका एक ही मकसद है, टाइटल जीतना और मिशनों के ज़रिए जमा हुई बड़ी इनामी रकम हासिल करना। शो की शुरुआत में होस्ट करण जौहर कुछ खिलाड़ियों को गुपचुप तरीके से गद्दार चुनते हैं। बाकियों को मासूम माना जाता है और उन्हें इन गद्दारों को पहचानकर गेम से बाहर करना होता है।इंटरनेशनल हिट रियलिटी सीरीज़ के इस इंडियन एडैप्टेशन को करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। शो 12 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा, और हर गुरुवार रात 8 बजे नया एपिसोड आएगा। इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज़ नौरोज़ी, हर्ष गुर्जराल, जान्नत जुबैर, जान्वी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, पुरव झा, रफ़्तार, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफ़ी मोतीवाला और उर्फी जावेद शामिल हैं। सभी एक-दूसरे को चकमा देने की इस गेम में अपनी अक्ल और इरादों की असली परीक्षा देंगे।

## सैयारा का टीज़र किया रिलीज

यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी जब एक साथ आती है, तो दर्शकों की उम्मीदें आसमान छूने लगती हैं। आज आगामी फिल्म सैयारा का दिल छू लेने वाला टीज़र जारी किया, जिससे एक बार फिर रोमांस को बड़े पर्दे पर जिंदा करने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।इस फिल्म के जरिए यशराज फिल्म्स अहान पांडे को हिंदी सिनेमा में बतौर हीरो लॉन्च कर रही है। उनके साथ नजर आएंगी अनीत पड्डा, जिन्होंने वेब सीरीज़ बिग गर्ल्स डोंट क्राई में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया था। सैयारा एक भटकता हुआ खगोलीय पिंड होता है, एक ऐसा सितारा जो हमेशा चमकता है, राह दिखाता है, पर कभी पूरी तरह पास नहीं आता।




## पुष्पा ने लिया कानून की पढ़ाई का संकल्प



शो पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा अपने जीवन के सबसे बड़े फैसले की ओर कदम बढ़ा रही हैं – कानून की पढ़ाई पूरी करने का सपना। इसी मोड़ पर प्रोफेसर राजवीर की एंट्री उनके सफर में नया रोमांच और भावनात्मक गहराई लेकर आती है। पुष्पा एक रिटायर्ड चपरासी घनश्याम की मदद करने की ठान लेती हैं, लेकिन उनकी योजना उल्टी पड़ जाती है। इससे दिलीप और बापोदरा की गिरफ्तारी हो जाती है। हालांकि, अंत में घनश्याम को पेंशन मिल जाती है। पुष्पा को कादंबरी के अप्रत्याशित आरोपों का सामना करना पड़ता है। कादंबरी को जुगल से पुष्पा की बढ़ती नज़दीकियों से खतरा महसूस होता है, और वह चुपचाप चिराग के खिलाफ साजिश रचती है। इस भावनात्मक उथल-पुथल के बीच, प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का कड़ा बयान – कानून सिर्फ ताकतवरों के लिए होता है – पुष्पा को झकझोर देता है। कॉलेज डिबेट में उनका टकराव और गहराता है, जहां पुष्पा की व्यावहारिक समझ को नज़रअंदाज़ किया जाता है, लेकिन एक छात्र के समर्थन से शास्त्री के कठोर व्यवहार में दरार नज़र आती है। जब पुष्पा मॉक जूरी में शामिल होती हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि जिस केस पर चर्चा हो रही है, वह शास्त्री की छिपी हुई निजी पीड़ा से जुड़ा है।

## 'कुछ खट्टा और मीठा' रिश्ता



एक अनजान और असहज फोन कॉल से शुरू हुई दो विपरीत स्वभाव के लोगों की कहानी, एक खूबसूरत और दस साल लंबी प्रेम यात्रा में बदल गई। पहली नजर में 'ना' से शुरू होकर ज़िंदगी भर के 'हां' तक पहुंचने वाली सुधीर राजू पुथरन और योगिता सुधीर पुथरन की कहानी, मीठी नोकझोंक और मजबूत रिश्तों का संगम है।। हमारी पहली तय मुलाकात दोनों तरफ से एक बड़ी 'ना' के साथ शुरू हुई, जो धीरे-धीरे ज़िंदगी भर की 'हां' में बदल गई। हमारा 'कुछ खट्टा और मीठा' रिश्ता इस साल 10 साल का होने वाला है और हम उम्मीद करते हैं कि ये यूं ही और भी सालों तक फलता-फूलता रहे।

## उफ्फ... ये लव है मुश्किल;



रोमांटिक-कॉमेडी पारिवारिक ड्रामा उफ़्फ़... ये लव है मुश्किल के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है जिसमें दो विपरीत स्वभाव के किरदार - युग सिन्हा और कैरी शर्मा हैं। बिल्कुल अलग दुनियाओं से आए यह किरदार एक जटिल परिस्थिति की वजह से साथ आ जाते हैं। अभिनेता शब्बीर आहलूवालिया पारंपरिक 'आदर्श' भूमिकाओं से हटकर युग जैसे किरदार में नज़र आएंगे – एक ऐसा व्यक्ति जो महिलाओं से दूरी बनाए रखता है और जिसकी भावनाएं उसके शांत चेहरे के पीछे छिपी होती हैं। वहीं, आशी सिंह, जो टेलीविजन पर अपनी कई प्रमुख भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, कैरी के रूप में गर्मजोशी और चंचलता लेकर आती हैं – एक ऐसी लड़की जो दिल से सोचती है और ज़िंदगी को खुले दिल और उम्मीद से देखती है।यह कहानी युग सिन्हा की है – एक प्रतिष्ठित वकील, जिसकी सोच तेज़ है और दिल पर ताले लगे हुए हैं – और कैरी शर्मा की – एक महत्वाकांक्षी युवा लड़की जो सपनों, किस्मत और प्यार की ताकत में यकीन रखती है। जहां युग अपने अतीत की चोटों का बोझ उठाए हुए है और संबंधों से दूरी बनाता है, वहीं कैरी उसकी ज़िंदगी में आशावाद और आदर्शवाद के साथ प्रवेश करती है।

## गौरवशाली दौर से रूबरू कराएगी चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान




सालों से पृथ्वीराज चौहान की कहानी ज़्यादातर उनकी मशहूर प्रेमकथा राजकुमारी संयोगिता के साथ के इर्द-गिर्द ही सुनाई जाती रही है। लेकिन अब जो नई सीरीज़ चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान आने वाली है, वो इस नज़रिए को बदलने वाली है। इस बार फोकस होगा उस योद्धा सम्राट पर, जिसकी बहादुरी, तेज़ दिमाग़ और बेमिसाल सैन्य रणनीति ने 12वीं सदी में इतिहास रच दिया था। शो में दिखाया जाएगा वो ऐतिहासिक मोड़, जब पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ी थी कंटिलोए पिक्चर्स के फाउंडर और सीईओ अभिमन्यु सिंह का कहना है, अब तक पृथ्वीराज चौहान की कहानी ज़्यादातर लोगों ने संयोगिता के साथ उनके प्यार के नजरिए से ही सुनी या देखी है। । ये उस बच्चे की कहानी है जिसने सिर्फ़ 12 साल की उम्र में राजा बनकर अपने देश की जिम्मेदारी संभाली। उस वक़्त जब पूरा देश मुहम्मद गौरी जैसे खतरनाक हमलावर से डर रहा था, पृथ्वीराज चौहान ने बिना डरे मुकाबला किया। इतनी छोटी उम्र में ऐसा साहस और देशभक्ति दिखाना वाकई में काबिल-ए-तारीफ है।

## इम्तियाज़ की फिल्में करेंगी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित करने के अपने मिशन को जारी रखते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया ने भामला फाउंडेशन और बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) के साथ शानदार पहल टिक टिक प्लास्टिक 3.0 की शुरुआत की। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजय देवगन, रोहित शेट्टी, शरवरी वाघ, इम्तियाज़ अली, भूषण गगरानी, आसिफ भामला, और नीरज रॉय मौजूद थे। इस बार इस पहल के तहत कुछ कलाकारों को लेकर बनाई गई शॉर्ट फिल्मों के जरिए प्लास्टिक प्रदूषण के खतरनाक प्रभावों से दर्शकों और आम नागरिकों को रूबरू कराया जाएगा। इस फिल्म को कैंपेन की ऑफिशियल थीम आओ प्लास्टिक पॉल्यूशन रोकें के इर्द-गिर्द बुना गया है। इस कॉन्फ्रेंस में इस थीम को भी लॉन्च किया गया।



## बॉलीवुड टॉक्सिक से सहमत हैं पलाश



अभिनेता और लेखक पलाश दत्ता ने फिल्ममेकर अनुराग कश्यप के उस हालिया बयान का खुलकर समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बॉलीवुड अब टॉक्सिक हो गया है।खुलकर अपनी राय रखते हुए पलाश ने बताया कि कैसे बढ़ती व्यावसायिकता और कठोर अपेक्षाएं रचनात्मकता को बाधित कर रही हैं और इंडस्ट्री के माहौल को चुनौतीपूर्ण बना रही हैं। पलाश मानते हैं कि बॉलीवुड भले ही रचनात्मकता का केंद्र हो, लेकिन यहां सिस्टम और अनुशासन की कमी है, जो इसकी कला की क्षमता को कमजोर कर रही है।इस बीच पलाश दत्ता ने कान्स 2025 में अपने डेब्यू को लेकर भी उत्साह जताया। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला कान्स अनुभव था और यह सचमुच अविस्मरणीय रहा।

## डेलबर आर्या ने बिखेरा जलवा

डेलबर आर्या का इंस्टाग्राम हमेशा से ही वेस्टर्न और ट्रेडिशनल लुक्स का बेहतरीन मेल दिखाता आया है। एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपने नए ऑल-ब्लैक लहंगा-चोली लुक से फैंस को दीवाना बना दिया है। इस लुक में डेलबर ने अपनी खूबसूरती और एलीगेंस से सबका दिल जीत लिया। ब्लैक कलर में वो एकदम क्लासी और स्टनिंग लग रही थीं, जो हर किसी का ध्यान खींचने वाला लुक है। डेलबर ने अपने इंस्टाग्राम पर डिजाइनर दीवा कौर द्वारा डिजाइन किया हुआ यह खूबसूरत ब्लैक लहंगा शेयर किया। इस आउटफिट में डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाली चोली थी, जिसमें फुल लेंथ शीयर नेट स्लीव्स और कमर पर खूबसूरत टैसल डीटेलिंग थी। लहंगे पर की गई बारीक ब्लैक पर्ल फ्लोरल कढ़ाई ने इस लुक को और भी खास बना दिया।

## एनएएफएलडी स्क्रीनिंग के लिए स्वस्थ यकृत मिशन आज से

**भोपाल।** नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग के लिए स्वस्थ यकृत लीवर मिशन आज से भोपाल सहित प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। जिसमे 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सामुदायिक स्क्रीनिंग जाएगी। 21 मई को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया था। ये अभियान लीवर संबंधी बीमारियों की जागरुकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। मिशन के लिए मध्यप्रदेश सरकार और लीवर लवर एंड बिलयरी साइंसेस इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के बीच एमओयू साइन किया गया है। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताएं प्रारंभिक स्क्रीनिंग करेंगी। संदिग्ध ह्वस्रस्ठ मामलों के लिए जांच की जाएगी। बीएमआई 23 से अधिक होने, महिलाओं में कमर का माप 80 सेमी और पुरुषों में 90 सेमी से अधिक होने, मधुमेह का इतिहास होने की जानकारी ली जाएगी। संदिग्ध मामलों की जानकारी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ साझा की जाएगी। इन लोगों को लीवर को स्वस्थ रखने के लिए घर में उपलब्ध पौष्टिक आहार के सेवन, शराब एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह देकर नियमित फॉलोअप किया जाएगा।

## सघन टीबी मुक्त भारत अभियान आज से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में संचालित

**भोपाल।** टीबी मुक्त भारत अभियान को विस्तार देते हुए सघन टीबी मुक्त भारत अभियान आज से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच और उपचार प्रदान करना है। इसके पूर्व प्रदेश के 23 उच्च-प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिवसीय निक्षय शिविरों का आयोजन 7 दिसंबर से 25 मार्च तक आयोजित किया गया था। अभियान में मधुमेह के मरीजों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को लक्षित किया जा रहा है। लक्षण वाले मरीजों में ह्रञ्ज एवं एक्स-रे जैसी आधुनिक तकनीकों से जांच की जाएगी।

भारत को 2030 तक टीबी उन्मूलन किया जाना है। अभियान के माध्यम से टी बी दर में 80त्न कमी ( 43 प्रति लाख ) , मृत्यु दर में 90त्न कमी लाना है एवं टी बी मरीज पर आ रहे आर्थिक बोझ को शून्य करना है।मध्यप्रदेश ने 3000 प्रति लाख प्रति वर्ष की राष्ट्रीय वार्षिक औसत दर के लक्ष्य के मुकाबले 3342 प्रति लाख जनसंख्या प्रति वर्ष की वार्षिक अनुमानित टीबी परीक्षण दर हासिल की है। साथ ही वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1.90 के विरुद्ध 1.81 टी बी के मरीजों को चिह्नांकित कर उचित उपचार प्रदान किया जा चुका है। जिसमे उपचार सफलता दर 87त्न रही है।

## निगम अमले ने एक बार फिर दिया तत्परता का परिचय



**भोपाल।** नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला शहर में आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रमों से पहले व कार्यक्रम उपरांत त्वरित गति से रिकार्ड समय में साफ-सफाई करने के अपने रिकार्ड में लगातार नये आयामों को छू रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को एक बार फिर निगम अमले ने तत्परता एवं कार्यकुशलता का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्य आतिथ्य व राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य मंत्रीगणों, सांसदगणों व महापौर श्रीमती मालती राय की विशेष उपस्थिति में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के समाप्त होने के पश्चात दो घंटे के रिकार्ड समय में आयोजन स्थल जंबूरी मैदान एवं 11 पार्किंग स्थलों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों तथा 2000 अस्थाई,चलित शौचालयों व उनके आसपास की साफ-सफाई की और तत्काल ही लगभग 25 ट्रक कचरा निष्पादन स्थल पर भी पहुंचाया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के समाप्त होने के बाद दो घंटे के रिकार्ड समय में जंबूरी मैदान एवं उसके आसपास के क्षेत्रों एवं 11 पार्किंग स्थलों व उनके आसपास के क्षेत्रों, मार्गों तथा लगभग 2000 अस्थाई,चलित शौचालयों की साफ-सफाई की और उक्त सभी क्षेत्रों को साफ-स्वच्छ बनाया। उक्त साफ-सफाई एवं कचरा उठवाने का कार्य 750 सफाई मित्रों एवं 25 वाहनों के माध्यम से किया गया। निगम के सफाई मित्रों ने अपर आयुक्त (स्वास्थ्य) के निर्देशन व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ 20 सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं दरोगाओं के पर्यवेक्षण में तथा साफ-सफाई एवं कचरा उठाकर निष्पादन स्थल तक पहुंचाने का कार्य किया।

## रेडक्रॉस ने नशा मुक्ति को लेकर नुक्कड नाटक कर निकाली जागरूकता रैली

**भोपाल ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान के तहत रेडक्रॉस युवा संगठन एवं आनंद विहार कॉलेज और नूतन कॉलेज की छात्राओं ने न्यू मार्केट टॉप एंड टाउन के सामने नुक्कड़ नाटक और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के गेट से ऑटो स्टैंड तक रैली निकाली गई। रामेंद्र सिंह जनरल सेक्रेटरी रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा द्वारा बताया गया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं एवं सभी आयु वर्गों के लिए संदेश देना है कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो युवा वर्ग की नैतिक क्षमता एवं समाज से बुराइयां लेनी पड़ती है। उनके उज्जवल भविष्य को निगल रही है यह समस्या केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित नहीं बल्कि इसका प्रभाव समाज और राष्ट्र के विकास पर भी पढ़ रहा है। युवाओं एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को सम्मान खोना पड़ता है तथा परिवार से दूर हो जाते हैं। जिससे सामाजिक कार्यों से वंचित रहना पड़ता है। जिसके लिए सभी आयु वर्गों को नशा मुक्त किया जाना आवश्यक है। रेडक्रासॅ द्वारा वृक्षारोपण, योग, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर , नेत्र शिविर, वृद्वजनों एवं निश्शक्तजनों की सेवा आदि जनहित हितैषी सेवा कार्य किये जाते हैं।

# किसानों से जुड़े कार्यक्रम खेतों में जाए बिना अधूरे : शिवराज सिंह चौहान





**नई दिल्ली पीआईबी देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को लेकर देश भर में उत्साह जारी है। आज अभियान के तीसरे दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हरियाणा के पानीपत में किसानों से संवाद किया। पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज, जीटी रोड के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।**

कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, डॉ. मांगी लाल जाट, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) महानिदेशक (डीजी) ,जिला अध्यक्ष, मेयर व राज्य के कृषि विभाग के अधिकारी शामिल रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस कार्यक्रम से पहले किसानों के बीच खेत में जाकर उनसे सीधा संवाद भी किया और विविध तरीकों से की जा रही खेती कि जानकारी भी ली। अपने मुख्य कार्यक्रम में भी उन्होंने इसी अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किसानों से जुड़े कार्यक्रम खेतों में जाए बिना अधूरे है, आज भी मैंने खेत में जाकर हमारे किसान भाइयों से बात की जिनमें से एक है श्री रामप्रताप जी जिनके खेत में मैं गया उन्होंने अपने खेत में विभिन्न प्रकार के तरबूजों की खेती की हुई है, लाल तरबूज के साथ-साथ पीले और संतरी तरबूज की खेती भी मैंने आज देखी जो स्वाद के लिहाज से भी शानदार थी। गेंहू की खेती के साथ-साथ तरबूज की खेती का यह तरीका खेती के विकास के दृष्टिकोण से बेहद शानदार है। आगे श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक कृषि मंत्री की असली भूमिका किसानों से बातचीत करना, उनसे पास जाकर उनकी समस्याएं सुनना और उनके निदान का मार्ग दिखाना है। कृषि आज भी भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा है। किसानों की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है। मुझे जब से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का दायित्व मिला है, तब से मेरे रोम-रोम में किसान है और हर सांस में खेती है, मैं खेती को जीने की कोशिश कर रहा हूं। मैं किसान का बेटा हूं। ट्रैक्टर भी चलाता हूं। बुआई भी करता हूं। हम किसान हैं। खेती के बिना हिंदुस्तान की पहचान अधूरी है।

एक तरफ सीमा पर बैठे हुए जवान जो देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और दूसरी तरफ खेत में डटा किसान ये दो भारत के आधार हैं। जय जवान, जय किसान। शास्त्री जी ने कहा था जय जवान, अटल जी ने जोड़ दिया जय विज्ञान और मोदी जी ने जोड़ दिया जय अनुसंधान! श्री शिवराज सिंह ने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना का हमने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान के आतंकी अड्डे हमने तबाह कर दिए। हमने पाकिस्तान के निर्दोष नागरिकों पर हमला नहीं किया ना ही पाकिस्तान की सेना पर हमला किया। हमने आतंकी अड्डों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। पाकिस्तान को अपनी गलती की सजा भुगतनी पड़ी। श्री चौहान ने कहा मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को सिंधु जल समझौता स्थगित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह अन्यायपूर्ण समझौता था। हमारी नदी का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दिया गया। सिर्फ 20 प्रतिशत पानी भारत के हिस्से में आया। सिर्फ पानी ही नहीं पैसे भी दिए गए। नेहरू जी की तरफ से इस समझौते से एवज में पाकिस्तान को 83 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो हमारे देश के लोगों के लिए अन्नाय था। हमारे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के लोग और हमारे किसान भाई-बहन सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। अब यह पानी हमारे देश में आएगा और हरियाणा तक पानी का लहर बहेगी। अब पानी का उपयोग भारत के अपने किसानों और खेती के लिए किया जाएगा। मैं प्रधानमंत्री जी का इस समझौते को स्थगित करने के लिए ह्दय से अभिनंदन करता हूं। श्री शिवराज सिंह ने कहा किसानों और वैज्ञानिकों को जोड़ने और 'लैब टू लैंड' की दिशा में आगे बढ़ने के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की कल्पना की गई है। शोध का लाभ किसानों तक पहुंचे इसके लिए 16 हजार वैज्ञानिकों की 2170 टीमें बनाई गई हैं, जो गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद कर रही हैं। कृषि विभाग का अमला और किसान मिलकर खेती की दशा और दिशा बदलेंगे और अपना सामर्थ्य दुनिया को दिखलाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी से कृषि को विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने और भारत को फूड बास्केट बनाने का आह्वान भी किया। श्री चौहान ने कहा हमारे वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं, हमारे वैज्ञानिक प्रतिभाशाली और सामर्थ्यवान है। हाल ही में 2 धान की नई किस्में विकसित की हैं और दोंनो धान की किस्मों में भी 30त्न उत्पादन बढ़ेगा और पानी 20त्न कम लगेगा। उत्पादन बढ़ेगा, पानी बचेगा लेकिन अब रियल टाइम में किसानों को बताएं कि ये चीज है इस पर ये चीज लगाओ इसलिए बना है 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'। केंद्रीय कृषि मंत्री ने उर्वरक के संतुलित उपयोग को लेकर भी चर्चा की। श्री चौहान ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए हमारे वैज्ञानिक मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी देंगे। अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए किसानों से इस दिशा में आगे बढ़ने का भी आह्वान किया।

## नगर निगम में छाए हड़ताल के बादल

**जबलपुर।** नगर निगम में लंबे समय से चली आ रही अनियमितताओं और अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ अब कर्मचारियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ और मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ समेत विभिन्न संगठनों ने मिलकर प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 2 जून तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 3 जून से कलम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। इससे नगर निगम के कामकाज पर व्यापक असर पड़ सकता है। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग को भी एक पत्र सौंपा है। पत्र में अनियमितताओं को विस्तार से रेखांकित करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई है। इस पत्र में तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक एवं मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एडवोकेट पं. राम दुबे, अनिल तिवारी, विजय दुबे, बसंत पांडे, आनंद दुबे, मुकेश रजक और के. के. दुबे के हस्ताक्षर शामिल हैं।

### ठेके पर आए कर्मचारियों को मिल रहा अनुचित प्रभार....

कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि नगर निगम में ठेके पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। इससे न केवल नियमित कर्मचारियों का मनोबल गिरा है, बल्कि उनके कार्य अधिकारों का हनन भी हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम के राजस्व विभाग की हालत बेहद खराब है। वर्ष भर मेहनत करने के बावजूद कर्मचारियों को न तो प्रोत्साहन मिलता है और न ही न्यायसंगत व्यवहार।

### स्थानांतरण और निलंबन पर भी नाराजगी....

विशेष नाराजगी जोन क्रमांक 11 के राजस्व निरीक्षक के निलंबन को लेकर है। कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए और जिन कर्मचारियों का मनमाने तरीके से स्थानांतरण किया गया है, उन्हें फिर से यथास्थान पदस्थ किया जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों को, जिन पर लोकायुक्त जांच लंबित है या जो झूठे मामलों में लिप्त हैं, उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए।

कर्मचारियों की एक अहम मांग यह भी है कि आउटसोर्स कर्मचारियों से सभी संवेदनशील पासवर्ड वापस लिए जाएं और वित्तीय कार्यों को केवल नियमित कर्मचारियों के माध्यम से ही संपन्न कराया जाए। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी।

### क्या है कलम बंद आंदोलन...

कलम बंद आंदोलन के तहत कर्मचारी कोई भी फाइल या प्रशासनिक कार्य नहीं करेंगे। यह प्रशासनिक कामकाज को पूरी तरह ठप कर सकता है और नगर निगम के दैनिक कार्यों पर व्यापक असर डाल सकता है। अब गेंद नगर निगम प्रशासन और नगरीय प्रशासन विभाग के पाले में है।

# पूर्व सांसद स्व . श्री कैलाश सारंग की जयंती को मातृ - पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**भोपाल ।** बन्धु , खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व डेमोक्रेट स्व . श्री कैलाश नारायण सारंग की जयंती 2 जून को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मातृ - पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाई जाती है । इस अवसर पर राजधानी के सुभाष नगर खेल मैदान में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम एवं सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव , केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडियो शर्मा विद्वान रहेंगे ।



### माता - पिता के साथ बुजुर्ग का भी हो सम्मान

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पूज्य पिता जी स्व . श्री कैलाश नारायण सारंग का सपना था कि हर माता - पिता का सम्मान हो। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा में समर्पित किया। उनकी सेवा भावना की घोषणा करते हुए उनकी पुण्यस्मृति में मातृ - पितृ भक्ति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी में अपने माता - पिता के साथ - साथ साध्वियों का सम्मान सीखे इसी उद्देश्य को लेकर माता-पिता की जयंती पर सभी साध्वियों का सम्मान किया जा रहा है ।

### नरेला विधानसभा में होंगे अनेक सेवा कार्य

स्व . श्री कैलाश नारायण सारंग की जयंती के अवसर पर नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में भीषण गर्मी से राहत के लिए प्रमुखों द्वारा गरीबों में शर्बत वितरण के साथ ही अनेक सेवा कार्य जारी रहेंगे ।

### स्व . श्री कैलाश सारंग ने शुरू की जनसेवा के अनेक प्रकल्प

मंत्री श्री सारंग ने परम पूज्य स्व . श्री कैलाश सारंग ने वृद्धाश्रम में वृद्धाश्रम की स्थापना के लिए वृद्ध को सम्मान दिया था । इस वृद्धाश्रम में ऐसे बुजुर्गों को रखा जाता है जो बशारा होन और वे ससम्मान अपने अंतिम पर्यवेक्षण को जी सार्वाधिक कहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नर्मदा तट पर स्थित ग्राम घाटपिपरिया तहसील बावड़ी , जिला रायसेन में नर्मदा मठवासियों के लिए आश्रम की भी स्थापना की। आश्रम में आश्रमवासियों के आश्रम , गरीब राशन और भोजन व्यवस्था की व्यवस्था की गई है । उन्होंने बताया कि उनके द्वारा शुरू किये गये सभी सेवा प्रकल्प आज भी आयोजित किये गये हैं ।

# बिजली कटौती की शिकायत मिलने पर आधी रात को निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## तानसेन नगर जोन ग्वालियर में पदस्थ सहायक यंत्री और उप यंत्री को निलंबित करने के दिए निर्देश

**भोपाल। देर रात बिजली कटौती की शिकायत मिली तो ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उसी समय विद्युत उपकेन्द्र, ट्रांसफार्मर एवं उस क्षेत्र के निरीक्षण के लिये निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एक सहायक यंत्री और एक उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।**

मंगलवार देर रात्रि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय वाशिंदों द्वारा बताया गया कि ग्वालियर के कुछ क्षेत्रों में बार-बार बिजली फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, इससे गर्मी के मौसम में आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। श्री तोमर देर बिना समय गवाए औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। इस दौरान उन्हें पाताली हनुमान क्षेत्र व तानसेन नगर ज़ोन में विद्युत आपूर्ति बाधित मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुचारू विद्युत आपूर्ति के प्रति लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के



खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय नागरिकों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि पिछ्ले करीब चार घंटे से इस इलाके की बिजली गुल है। उन्होंने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और सहायक यंत्री श्री रोहित सिंह तथा उपयंत्री श्री प्रताप चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश मौके पर मौजूद मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक को दिए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार की रात फूलबाग, ट्रांसपोर्ट नगर, मोतीझील जोन व सिकन्दर कम्पू क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के सिकंदर कंपू क्षेत्र में ट्रिपिंग रजिस्टर देखा और अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिये दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री तोमर ने कॉल सेंटर में आई उपभोक्ताओं की शिकायतों की स्थिति की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से मोबाइल फोन से बात की और बिजली संबंधी शिकायत का समाधान करने के लिए उन्हें आश्वास्त भी किया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com